नई दिल्ली
गुरुवार, 3 अप्रैल 2025
चैत्र मास शुक्ल पक्ष, षष्ठी वर्ष : 28, अंक : 353
पृष्ठ 12 मूल्य 2.00

मौसम
अधि. 33
न्यून. 22

# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com

## राज्यसभा में आज आएगा वक्फ विधेयक, विपक्षी विरोध के बावजूद पास होने का रास्ता साफ

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

वक्फ संशोधित विधेयक लोकसभा से पारित होने के बाद गुरुवार को राज्यसभा में पेश होने की संभावना है। देर शाम तक हालांकि राज्यसभा की कार्यवाही की बुलेटिन जारी नहीं हो हुई थी उसके बाद भी पक्ष, विपक्ष के दलों ने अपने अपने सदस्यों को सदन में उपस्थित रहने का व्हिप जारी कर दिया। राज्यसभा में भाजपानीत राजग सरकार अल्पमत में है इसीलिए ये देखना दिलचस्प होगा कि धारा 370 का मामला रहा हो या फिर सीएए का विपक्ष की तमाम घेरेबंदी को तोडते हुए अपने बेहतरीन फ्लोर मैनेजमेंट से अल्पमत में रहते हुए भी जैसे पूर्व में विधेयकों को उच्चसदन से पारित करने में कामयाबी मिली वैसी ही कामयाबी वक्फ विधेयक पर मिलेगी? सरकार के विश्वस्त सूत्रों ने दावा किया कि जिस इत्मीनान से लोकसभा से विधेयक पारित किया गया वैसे ही आराम से राज्यसभा से भी विधेयक पारित होने और राष्टपति के हस्ताक्षर के बाद कानून का शक्ल अख्तियार करेगा।

### राज्यसभा में चुनौतियाँ

*राज्यसभा में एनडीए का बहुमत उतना मजबूत नहीं है जितना लोकसभा में। वर्तमान में राज्यसभा की कुल 245 सीटों में से 9 खाली हैं, यानी 236 सदस्य हैं। बहुमत के लिए 119 वोट चाहिए। भाजपा के पास 96 सांसद हैं, और राजग के सहयोगियों के साथ मिलकर यह संख्या 115-120 तक पहुँच सकती है। इसके अलावा, 6 नामित सांसदों का समर्थन भी सरकार को मिल सकता है। फिर भी, विपक्ष (कांग्रेस: 27, अन्य सहयोगी 58) और वाईएसआर कांग्रेस, बीजद जैसे कुछ तटस्थ दलों के रुख पर बहुत कुछ निर्भर करेगा। विपक्ष इस बिल का विरोध जारी रखेगा। जिससे राज्यसभा में तीखी बहस देखने को मिल सकती हैं।*

**शक्ति परीक्षण:** वक्फ संशोधन बिल पर दोपहर 12 से रात 12 बजे तक चली मैराथन चर्चा

# वक्फ संशोधन बिल देर रात पारित पक्ष में 288 और विपक्ष में 232 वोट पड़े

## मतविभाजन के बाद गठबंधन की टूटी उम्मीद, रिजिजू ने कहा- विपक्ष के 12 बजे

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

संशोधित वक्फ विधेयक बुधवार को लोकसभा में संसदीय कार्य मंत्री किरण रिजिजू ने पेश कर दिया। इस बिल पर दोपहर 12 से रात 12 बजे तक मैराथन चर्चा चली। इसके बाद लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने वोटिंग कराने की कोशिश करते हुए उन्होंने सांसदों से हाथ खड़े करने को कहा, लेकिन विपक्ष ने मत विभाजन की मांग कर दी। इसके बाद फिर मतदान की प्रक्रिया शुरु हुई बिल के अलग अलग क्लाउस पर मतदान के चलते देर रात तक कार्यवाही चलती रही। आखिरकार 12 बजकर 47 मिनट पर साफ हो गया कि वक्फ संशोधन बिल पारित हो गया है। स्पीकर बिरला ने बताया कि बिल के समर्थन में 288 वोट पड़े है और विपक्ष में 232 वोट पड़े हैं। इसके बाद विपक्ष के संशोधनों पर भी बिरला ने वोटिंग कराई जो एक सिरे गिर गए।

इससे पहले संसदीय कार्य मंत्री किरण रिजिजू ने ने सदन में विपक्षी दलों पर निशाना साधते हुए कहा कि आपने उन मुद्दों पर लोगों को गुमराह करने की कोशिश की, जो वक्फ विधेयक का हिस्सा नहीं हैं। रिजिजू ने विधेयक को लेकर विपक्षी दलों द्वारा जताई जा रही चिंताओं को दूर करने की कोशिश करते हुए कहा कि सरकार किसी भी धार्मिक संस्था में हस्तक्षेप नहीं करने जा रही। अगर कोई इस बुनियादी अंतर को समझने में विफल रहता है या जानबूझकर नहीं समझना चाहता है, तो मेरे पास इसका कोई समाधान नहीं है। चर्चा के आखिर में रिजिजू ने कहा कि विपक्ष वक्फ बिल को असंवैधानिक बता रहा है, लेकिन असंवैधानिक क्यों है इसके पीछे तर्क नहीं दे पा रहे। इसलिए मैंने उम्मीद छोड़ दी है कि वो लोग समझेंगे। रिजिजू ने आगे कहा कि बहुत कुछ तर्कहीन बातें कही गई हैं। उन्होंने कहा कि घड़ी में 12 बजे से ज्यादा का वक्त हो चुका है। साथ ही विपक्ष के 12 बज गए हैं। ये मुस्लिम या इस्लाम विरोधी नहीं।




### महिलाओं की भागीदारी पर बोला झूठ

कांग्रेस नेता ने बिल के 3 आर-ए और 1 पर सवालिया निशान लगाते हुए कहा कि इनके जरिए मुस्लिम समुदाय के लोगों को यह प्रमाण देना पड़ेगा कि वो इस्लाम धर्म को मानने वाले हैं। क्या दूसरे धर्मों के लोगों से भी ये मांग की जाएगी? इससे उच्च न्यायालयों की ताकत घटेगी। 1995 के कानून में पहले से ही 2 से अधिक महिलाओं की भागीदारी का वक्फ में प्रावधान था। इन्होंने इस पर 2 की सीमा तय कर दी है। विधेयक की धारा-33 के तहत राजस्व को 7 फीसदी से घटाकर 5 फीसदी कर दिया है। हमारी मांग है कि इसे 11 फीसदी तक बढ़ाया जाए। धारा 26 (सी), भाग-52 में पहले से कानून के उल्लंघन पर कठोर सजा का प्रावधान मौजूद है। विपक्ष उन संशोधनों के पक्ष में है, जिससे विधेयक को मजबूती मिलेगी। लेकिन मसला ये है कि सरकारी संशोधनों ⏩ शेष पेज 5 पर

### अन्य विपक्षी नेताओं का पक्ष

तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) सांसद कल्याण बनर्जी ने कहा, यह बिल अल्पसंख्यक समुदाय के लिए ठीक नहीं है। वक्फ की संपत्ति मुसलमानों के लिए रीढ़ की हड्डी है। जबकि इसके जरिए होने वाले बदलाव इस्लामिक परंपराओं और संस्कृति को लेकर गंभीर चिंता खड़ी करते हैं। यह सरकार की तरफ से किया जा रहा मुसलमानों के अधिकारों को छीनने का असंवैधानिक प्रयास है। केंद्र को इसे वापस लेना चाहिए। सपा के अखिलेश यादव ने कहा, मुसलमानों की बातें अनसुनी की जा रही हैं। इस बिल का अर्थ 'उम्मीद' नहीं है। क्योंकि इससे केंद्र महाकुंभ में मारे गए लोगों के आंकड़े पर पर्दा डालने की कोशिश कर रहा है। उन्होंने महंगाई, गंगा की सफाई और किसानों की समस्याओं का मुद्दा उठाते ⏩ शेष पेज 5 पर

### रिजिजू का भाषण, संघीय ढांचे पर हमला: गोगोई



गोगोई ने कहा, बिल के जरिए आज सरकार की नजर मुसलमानों की जमीन पर है। कल दूसरे समुदायों की जमीन पर इनकी नजर होगी। बिल को सदन में चर्चा के लिए पेश करते वक्त केंद्रीय अल्पसंख्यक मामलों के मंत्री किरण रिजिजू ने जो भाषण दिया है। वह देश के संघीय ढांचे पर हमला है। उन्होंने 2013 में केंद्र की सत्ता में रही कांग्रेस की अगुवाई वाली तत्कालीन यूपीए सरकार पर झूठे आरोप लगाए हैं। जो केंद्र की केवल देश में भ्रम फैलाने की कोशिश है। गोगोई ने पूर्व में बिल पर व्यापक मंथन करने के लिए गठित की गई संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) की प्रक्रिया पर सवाल उठाते हुए ⏩ शेष पेज 5 पर

### बोले गौरव गोगोई, देश की अखंडता, अल्पसंख्यकों के सम्मान पर सरकारी आक्रमण है यह बिल

लोकसभा में बुधवार को कांग्रेस समेत भारतीय राष्ट्रीय विकासशील समावेशी गठबंधन (इंडिया) के तमाम विपक्षी दलों ने वक्फ संशोधन बिल का जोरदार अंदाज में एकजुटता से विरोध किया। कांग्रेस के सदन में उप-नेता गौरव गोगोई ने संविधान की लाल किताब दिखाते हुए चर्चा की शुरुआत की और सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि देश का संविधान हमारा मार्गदर्शक है, जिसमें स्पष्ट है कि सभी को सामाजिक, धार्मिक, राजनीतिक न्याय और समानता मिले। लेकिन सरकार द्वारा लाया गया यह बिल संविधान के मूल ढांचे पर आक्रमण के अलावा देश की अखंडता, संविधान में उल्लेखित मूल्यों और अल्पसंख्यकों के सम्मान के खिलाफ है। इसलिए पूरा विपक्षी खेमा इसके विरोध में है।



### इन सरकारी उद्देश्यों की होगी पूर्ति

गौरव ने कहा, संशोधन के साथ इस बिल को लाने के पीछे केंद्र सरकार के चार मुख्य उद्देश्य हैं। जिनमें संविधान को कमजोर करना, भ्रम फैलाना, समाज को विभाजित करना और अल्पसंख्यक समुदाय को नागरिकता से वंचित शामिल हैं। केंद्र इसके जरिए अल्पसंख्यकों के हितों की वकालत कर रहा है। जबकि ये लोग केवल देश में भ्रम फैला रहे हैं। विभागीय मंत्री ने सदन में गलत जानकारी दी है, विधेयक पर कोई विस्तृत चर्चा नहीं की गई। अगर ऐसा हुआ है तो रिजिजू सदन में बीते समय में हुई बैठकों के मिनट्स प्रस्तुत करें।

### लोकसभा में वक्फ संशोधन विधेयक पर चर्चा के दौरान अखिलेश पर ली चुटकी

पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने भाजपा पर चुटकी लेते हुए हंसकर कहा, विश्व की सबसे बड़ी पार्टी अपना अध्यक्ष नहीं चुन पा रही है। अखिलेश के नहले पर दहला मारते हुए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने हंसते हुए कहा, सामने जितनी पार्टियां हैं, उनका राष्ट्रीय अध्यक्ष सिर्फ 5 लोगों को चुनना है, परिवार को। हमारे यहां करोड़ों लोग हैं। समय तो लगेगा ही। शाह बोले, आपके (अखिलेश के) यहां जरा भी देर नहीं लगेगी। मैं कहता हूं आप 25 साल तक अध्यक्ष हो.. जाओ..। इसके बाद अखिलेश ने हंसते हुए फिर कहा कि अभी जो यात्रा हुई है नागपुर की और गुपचुप जो सोशल मीडिया पर चल रही है। वह 75 साल के एक्सटेंशन की यात्रा तो नहीं है। ज्ञात हो कि प्रधानमंत्री मोदी 30 मार्च को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के कार्यक्रम में शामिल होने नागपुर गए थे। अखिलेश का इशारा इसी दौरे को लेकर था। संसद में अखिलेश यादव अपनी बात रखते कभी महाकुंभ तो कभी नोटबंदी पर बोलने लगे। इसके बाद महंगाई, गंगा सफाई और किसानों की समस्याएं बताने लगे। उन्हें इन मुद्दों पर बोलते-बोलते 5 मिनट हो गया, तभी स्पीकर ओम बिरला को टोकना पड़ा। कहा- 'अखिलेश जी, वक्फ के मुद्दे पर भी आ जाओ।' वक्फ बिल पर बोलते हुए जेडीयू सांसद ⏩ शेष पेज 5 पर

### पूछा, सीएए से किसकी नागरिकता गई?

लोकसभा में वक्फ बिल पर चर्चा के दौरान केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने विपक्ष पर तीखा प्रहार करते हुए कहा कि यह कानून सरकार का है, हर एक को इसे स्वीकार करना होगा। विपक्ष पर लोगों भ्रमित किए जाने की बात कहते हुए शाह ने कहा कि, यहां एक सदस्य ने तो कह दिया कि अल्पसंख्यक इस कानून को स्वीकार नहीं करेंगे। क्या धमकाना चाहते हो भाई? संसद का कानून है, सबको स्वीकार करना पड़ेगा। 'स्वीकार नहीं करेंगे' इसका मतलब क्या है? कैसे बोल सकते हैं आप? आप कानून को स्वीकार नहीं करेंगे? यह कानून भारत सरकार का है, हर एक इससे बंधा होगा और इसे स्वीकार करना पड़ेगा। शाह ने कहा कि 2013 में वक्फ के जो अमेंडमेंट आए, वो न किया होता तो ये बिल लाने की जरूरत नहीं पड़ती। 2014 में चुनाव आने वाला था, 2013 में रातोंरात तुष्टीकरण के लिए वक्फ कानूनों को बदला गया था। इसके कारण दिल्ली लुटियंस की 123 वीवीआईपी ⏩ शेष पेज 5 पर

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366




**षष्ठम : माता कात्यायनी**



चंद्रहासोज्ज्वलकरा शार्दूलवरवाहना।
कात्यायनी शुभं दद्याद्देवी दानवघातिनी।।

### सीट को लेकर विवाद युवक को किया घायल

**मथुरा ।** मथुरा में चलती ट्रेन में सीट को लेकर सिख और एमआर के बीच में बहस हो गई। सचखंड एक्सप्रेस में आगरा से एमआर का काम करने वाला युवक प्रवीण जनरल कोच में चढ़ा। कुछ सिखों से उसकी बहस हो गई। एक सिख ने तलवार से हमला कर दिया जिसमें वो घायल हो गया।

**माइकल पात्र की जगह लेंगी**

## पूनम गुप्ता बनीं आरबीआई की नई डिप्टी गवर्नर

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

- पीएम मोदी की टीम में कर चुकी हैं काम

रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) को आखिरकार अपना नया डिप्टी गवर्नर मिल गया है। केंद्र सरकार ने डॉ. पूनम गुप्ता को इस अहम पद की जिम्मेदारी सौंपी है, उनका कार्यकाल 3 साल का होगा और वो जनवरी में रिटायर हुए



माइकल पात्र की जगह लेंगी। ये नियुक्ति ऐसे समय में हुई है, जब 7 से 9 अप्रैल तक आरबीआई की मॉनिटरी पॉलिसी कमेटी (एमपीसी) की बैठक होने वाली है। केबिनेट की अपॉइंटमेंट कमेटी ने उनकी नियुक्ति को हरी झंडी दे दी है। डॉ. पूनम गुप्ता का नाम अर्थशास्त्र की दुनिया में काफी जाना-पहचाना है। वो अभी नेशनल काउंसिल ऑफ एप्लाइड इकॉनॉमिक रिसर्च (एनसीएईआर) की डायरेक्टर जनरल हैं, जो भारत का सबसे बड़ा आर्थिक नीति थिंक टैंक है। इसके अलावा वो 16वें वित्त आयोग की सलाहकार परिषद की सदस्य भी हैं। पूनम प्रधानमंत्री की आर्थिक ⏩ शेष पेज 5 पर

**परंपरागत तकनीकें इसे अनूठा बनाती हैं**

## जलगांव के विशेष आम को मिले जीआई टैग, सांसद पाटिल ने रास में उठाया मामला

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

महाराष्ट्र के जलगांव से सांसद धैर्यशील मोहन पाटिल ने जलगांव के आम को जीआई टैग दिये जाने की मांग राज्यसभा में उठाई। केले की राजधानी माने जाने वाले जलगांव के आम भी अपनी गुणवत्ता के लिए जाने जाते हैं। पाटिल ने इस क्षेत्र के आम की विशिष्ट पहचान को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर स्थापित करने



के लिए यह मांग उठाई। उन्होंने सभापति की अनुमति से अपनी मांग सदन के मार्फत केंद्र सरकार से रखते हुए कहा कि जलगाँव के आम को जीआई टैग दिया जाए। जीआई टैग एक ऐसा ⏩ शेष पेज 5 पर

### सभापति की अनुमति से प्रमुख विषय जो सदन में उठाए गए

सीपीआई के जॉन ब्रिटास ने केरल में फिल्म पर विवाद पैदा किये जाने को अभिव्यक्ति की आजादी का मामला उठाया। उनका तीखा विरोध तमिलनाडु के वरिष्ठ सांसद वाइको ने किया। सांसद नीरज दांगी ने वरिष्ठ नागरिकों के स्वास्थ्य बीमा से 18 फीसदी जीएसटी हटाये जाने का मामला ⏩ शेष पेज 5 पर

रेलवे के मुद्दे पर लोकसभा में भाजपा-सपा के बीच हुई नोकझोंक

## बोले रेल मंत्री- नई फेंसिंग लगाने से घटेंगी रेलवे ट्रैक पर होने वाली जानवरों की दुर्घटनाएं

रेलवे लाइनों पर जानवरों के आने से दिक्कतें होती हैं

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

लोकसभा में बुधवार को रेलवे के मुद्दे पर पक्ष और विपक्ष के बीच कुछ देर के तक हल्के-फुल्के अंदाज में की जा रही टीका टिप्पणियों का सिलसिला देखने को मिला। प्रश्नकाल के दौरान समाजवादी पार्टी (सपा) के सांसद अवधेश प्रसाद ने रेल लाइनों को पार करते वक्त ट्रेन से टकराकर मारे जा रहे जानवरों का मुद्दा उठाया।

तो उस पर लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा, इस प्रश्न को पूछने के लिए अवधेश जी के नाम की अनुशंसा अखिलेश जी ने की है। इसका जवाब देते हुए अखिलेश बोले, अध्यक्ष जी अब देखिएगा सांसद महोदय सरकार से ऐसा प्रश्न पूछेंगे कि ⏩ शेष पेज 5 पर

### नए डिजाइन की फेंसिंग से होगा बचाव



उन्होंने कहा कि रेलवे ट्रैक पर जानवरों के मारे जाने का मामला सुरक्षा से जुड़ा हुआ है। लाइनों पर जानवरों के आने से दिक्कतें होती हैं। लेकिन इसका समाधान निकालने के लिए हमने देश में एक नए डिजाइन की फेंसिंग लगाना शुरू किया है। अभी इसे 900 किलोमीटर में लगाया जा चुका है, जिसकी वजह से ट्रेन के आगमन पर जानवरों के रेलवे ट्रैक पार करने से होने वाली दुर्घटनाएं न के बराबर यानी शून्य तक जा पहुंची हैं। अगर हमारा यह प्रयोग सफल रहा तो इसे और आगे बढ़ाया जाएगा।



## पौने नौ करोड़ की चरस जब्त

# नशीले पदार्थों की तस्करी में तीन नेपालियों समेत सात गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली



■ क्राइम ब्रांच की कार्रवाई

क्राइम ब्रांच ने एक नार्को सिंडिकेट का भंडाफोड़ किया है। तीन नेपाली नागरिकों समेत सात लोगों को गिरफ्तार किया गया है। इनके पास से 17.526 किलोग्राम चरस जब्त की गई है। इसकी अंतर्राष्ट्रीय बाजार में कीमत लगभग पौने नौ करोड़ आंकी गई है। बरामद चरस नेपाल और हिमाचल प्रदेश के कसोल से मंगाई गई थी।

रस्पेशल सीपी देवेश चंद्र श्रीवास्तव के अनुसार अपराध शाखा के एंटी-नारकोटिक्स टास्क फोर्स (एएनटीएफ) ने नेपाल और हिमाचल प्रदेश के कसोल से दिल्ली, पंजाब, हरियाणा और राजस्थान में चरस की आपूर्ति में लिप्त एक बड़े नार्को-सिंडिकेट को ध्वस्त किया है। इस व्यापक अभियान के परिणामस्वरूप सात लोगों की गिरफ्तारी हुई है। इनमें चरस की आपूर्ति में शामिल स्रोत, बिचौलिए और रिसीवर शामिल है। जब्त चरस की अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत लगभग 8.75 करोड़ आंकी गई है। पुलिस ने सबसे पहले 20 नवंबर 2024 को मजनूं का टीला क्षेत्र से एक नेपाली नागरिक प्रेम थापा और स्थानीय ड्रग तस्कर मोहम्मद जमील को गिरफ्तार किया था। इनके पास से 1192 ग्राम चरस बरामद की गई थी। प्रेम थापा की निशानदेही पर वजीराबाद में चरस के आपूर्तिकर्ता गंगागुरुंग थापा को 712 ग्राम चरस के साथ गिरफ्तार किया गया था। बाद में उसके घर की तलाशी के दौरान फ्रिज से 13.766 किलोग्राम अतिरिक्त चरस बरामद की गई। साथ ही प्रेम थापा की निशानदेही पर एक अन्य स्रोत अंकित बुद्ध उर्फ ठाकरे जो कसोल का निवासी है और नेपाल का स्थायी नागरिक है को कसोल से गिरफ्तार किया गया। वह मुख्य स्रोत था, जो प्रेम थापा को चरस उपलब्ध कराता था। प्रदीप कुमार, बल्लभगढ़ हरियाणा का निवासी है। वह प्रेम थापा से चरस खरीदता था और फरीदाबाद और बल्लभगढ़ के नशा करने वालों को इसकी आपूर्ति करता था। इसे प्रेम थापा की निशानदेही पर गिरफ्तार किया गया। आगे की जांच के बाद दो अतिरिक्त गिरफ्तारियां हुई। इनके नाम मंजीत और मोती लाल को गिरफ्तार किया गया। मंजीत की स्कॉर्पियो कार की स्टेपनी से 1.856 किलोग्राम चरस बरामद हुई। वह इसे मोती लाल को देने के लिए जयपुर जा रहा था। लगभग 250 किलोमीटर तक पीछा करने के बाद उसे गिरफ्तार कर लिया गया। मोती लाल जयपुर का निवासी है और चरस को स्थानीय स्तर पर बेचता था।

# सरकारी नौकरी के नाम पर आठ लाख की ठगी में फर्जी कर्नल किया अरेस्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली



उत्तरी जिले की गुलाबी बाग पुलिस ने एक फर्जी कर्नल को गिरफ्तार किया है। इस पर सरकारी नौकरी दिलाने के नाम पर एक परिवार से आठ लाख रुपये से अधिक की ठगी का आरोप है। आरोपी शख्स का नाम सुमित सिंह (28) बताया गया है। वह उत्तम नगर का रहने वाला है। यह शख्स लोगों को ठगी का शिकार बनाने के लिए कर्नल की बाकायदा वर्दी भी पहननता था। इसके पास से फर्जी बैज एवं रबड़ की मुहर भी बरामद हुई है।

पुलिस के मुताबिक सुमित दिल्ली के अलावा उत्तर प्रदेश में भी इसी तरह की धोखाधड़ी के कई मामलों में शामिल रह चुका है। आरोपी के खिलाफ लखनऊ में बलात्कार और धोखाधड़ी, जबकि हरदोई में धोखाधड़ी का मामला दर्ज है। जौनपुर निवासी सुमित ने कथित तौर पर कैंटीन का कार्ड खरीदा था और उसने रक्षा मंत्रालय के तहत फर्जी नियुक्ति पत्र भी जारी किए थे। 30 साल की एक महिला वकील की शिकायत के आधार पर गुलाबी बाग पुलिस थाने में इसके खिलाफ मामला दर्ज किया गया था। शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया है कि सुमित ने जुलाई 2024 में खुद को कर्नल के रूप में पेश किया। उसे सशस्त्र बल न्यायाधिकरण (एएफटी) में कानूनी पद दिलाने का वादा किया गया था। महिला वकील ने अपनी शिकायत में दावा किया था कि सुमित ने बाद में उसके भाई और पिता को भी इसी तरह की नौकरी की पेशकश की और भर्ती से जुड़ी औपचारिकताएं पूरी करने के नाम पर उनसे मोटी रकम ऐंठी। आरोपी ने आवेदन शुल्क, मेस शुल्क, वर्दी किट और अन्य खर्चों के नाम पर पीड़िता और उसके परिवार से कथित तौर पर आठ लाख रुपये से अधिक की धनराशि वसूली थी।

### बहाने से लिया था डेढ़ लाख रुपये का मोबाइल

महिला ने पुलिस को बताया कि आरोपी ने झूठे बहाने बनाकर उनसे कथित तौर पर 1.6 लाख रुपये का मोबाइल फोन भी लिया था। अधिकारी ने शिकायत के हवाले से बताया कि सुमित ने फर्जी नियुक्ति पत्र बनाए, गलत पहचान का इस्तेमाल किया और यहां तक कि शिकायतकर्ता पर उससे शादी करने का दबाव भी डाला। पुलिस के अनुसार धोखाधड़ी का खुलासा तब हुआ, जब पीड़ितों ने उसके दावों का सत्यापन किया और उसकी ओर से उपलब्ध कराए गए दस्तावेजों में विसंगतियां पाईं। पुलिस अधिकारी के मुताबिक सुमित को बिंदापुर में किराये के एक मकान से गिरफ्तार किया गया। इसने पूछताछ में अपना अपराध कबूल कर लिया है। इसके पास से एक मोटर साइकिल भी बरामद हुई है जोकि ठगी की रकम से खरीदी गई थी।

## बदहाल पार्क की बेहतरी के लिए बीडीओ ने लिखा डीडीए को पत्र



**नई दिल्ली।** दिल्ली देहात के नरेला में रविदास नगर स्थित डॉ भीमराव अंबेडकर पार्क और इसके साथ ही ऐतिहासिक तालाब की दयनीय स्थिति को लेकर की बदहाल हालात को सुधारने के लिए दिल्ली सरकार के उत्तरी जिला के क्षेत्रीय खंड विकास अधिकारी (बीडीओ) सुनील कुमार ने डीडीए के उत्तरी क्षेत्र के उप निदेशक (एलएम) को पत्र लिखा है। बीडीओ ने अधिकारी से अनुरोध करते हुए कहा कि यह शहरीकृत गांव होने के कारण तत्काल मामले में उचित कार्रवाई की जाए। वहीं, इस मामले में रविदास नगर आवासीय कल्याण एसोसिएशन के मुख्य संरक्षक सुरेन्द्र महरोलिया ने क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों सहित संबंधित प्रशासन से पहले भी अनेकों बार पत्रों के माध्यम से गुहार लगाई है लेकिन ध्यान नहीं देने पर उक्त दोनों स्थलों के हालात और भी बदत्तर हो गए हैं। अब यहां के हालात ऐसे है कि यहां से आते जाते समय मुंह पर कपड़ा या मास्क लगाकर गुजरना पड़ता है। बता दें कि एसोसिएशन में मुख्य संरक्षक महरोलिया ने बताया कि पूर्व में उपराज्यपाल रहे तेजेंद्र खन्ना एवं नजीब जंग ने इस विषय पर दिल्ली विकास प्राधिकरण व दिल्ली नगर निगम को कार्रवाई के निर्देश दिए थे, परंतु स्थिति में कोई सुधार नहीं हुआ है।

# गैराज में आग लगने से करोड़ों की 11 कारें जलकर हुई खाक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली



■ द्वारका इलाके के धुलसिरस का मामला

द्वारका सेक्टर-24 इलाके के धुलसिरस में बुधवार तड़के एक गैराज में आग लगने से 11 कारें जलकर खाक हो गई। दमकल विभाग की नौ गाड़ियों ने कई घंटों की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। आग से खाक हुई गाड़ियों की कीमत करोड़ों में बताई जा रही है।

दिल्ली अग्निशमन सेवा विभाग (डीएफएस) प्रमुख अतुल गर्ग ने बताया कि बुधवार तड़के लगभग तीन बजे द्वारका इलाके के धुलसिरस स्थित एक गैराज में आग लगने की सूचना मिली थी। उन्होंने बताया कि सुबह चार बजकर पांच मिनट पर आग पर काबू पा लिया गया। आग में 11 कारें और कुछ कल पुर्जे (स्पेयर पार्ट्स) जलकर खाक हो गए। इस घटना में किसी के हताहत होने की कोई सूचना नहीं है। वहीं डीसीपी द्वारका अंकित सिंह ने बताया कि द्वारका सेक्टर-23 पुलिस थाने की टीम जांच कर रही है। आग लगने की सूचना तड़के तीन बजकर 12 मिनट पर स्थानीय पुलिस को मिली थी। आग लगने के कारणों का अभी पता नहीं चल पाया है और घटना की जांच जारी है। गैराज मालिक रितिक ने बताया कि आग से करोड़ों का नुकसान हुआ है। शुरुआती जांच में शॉर्ट सर्किट की आशंका जताई जा रही है।

## मकोका मामला में पूर्व विधायक बालियान की जमानत याचिका पर सुनवाई नौ अप्रैल को

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



दिल्ली उच्च न्यायालय ने मकोका मामले में आम आदमी पार्टी (आप) के पूर्व विधायक नरेश बालियान की जमानत याचिका पर सुनवाई के लिए बुधवार को नौ अप्रैल की तारीख तय की। मामले की सुनवाई कर रहे न्यायमूर्ति विकास महाजन ने याचिका को न्यायमूर्ति रविंदर डुडेजा की पीठ को स्थानांतरित कर दिया जो सांसदों और विधायकों के मामलों को देखते हैं। मकोका मामले में बाल्यान को चार दिसंबर, 2024 को गिरफ्तार किया गया था। इस दिन एक निचली अदालत ने उन्हें कथित जबरन वसूली मामले में जमानत दी थी। बालियान का प्रतिनिधित्व कर रहे अधिवक्ता एम. एस. खान ने कहा कि पूर्व विधायक लगभग चार महीने से हिरासत में हैं और उन्होंने अदालत से पहले की तारीख देने का आग्रह किया। बालियान के वकील ने दलील दी कि उनके खिलाफ ₹कोई सबूत नहीं है₹ और मामला ₹पूरी तरह से मनगढ़ंत₹ है। उन्होंने दावा किया कि प्राथमिकी में बालियान का नाम तक नहीं है। उन्होंने कहा कि बालियान ने खुद अपराध के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई।

दिल्ली पुलिस के वकील ने जमानत याचिका का विरोध करते हुए कहा था कि गैरकानूनी गतिविधियां (निवारण) अधिनियम की तरह, महाराष्ट्र संगठित अपराध नियंत्रण अधिनियम (मकोका) के तहत भी किसी आरोपी को जमानत देने पर रोक है।

# गिरवी रखी संपत्ति को धोखाधड़ी से बेचने का आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

■ आर्थिक अपराध शाखा की कार्रवाई



आर्थिक अपराध शाखा (ईओडब्ल्यू) ने एक शातिर ठग और जालसाज को गिरफ्तार किया है। इस पर निजी बैंक में गिरवी रखी गई संपत्ति को धोखाधड़ी से बेचने का आरोप है। आरोपी ने घर खरीदारों के साथ ठगी की थी। इसका नाम मोशिन मोहम्मद (36) बताया गया है। धोखाधड़ी का यह मामला दरियागंज इलाके में सामने आया था।

पुलिस के अनुसार जिस संपत्ति को धोखाधड़ी से बेचा गया था वह पहले से ही एक निजी बैंक के पास गिरवी पड़ी थी। अक्टूबर 2021 में निजी बैंक की शिकायत पर ईओडब्ल्यू पुलिस थाने में आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी की धाराओं में मामला दर्ज किया गया था। पुलिस के अनुसार जांच से पता चला है कि मांस निर्यात कंपनी एम.के. ओवरसीज प्राइवेट लिमिटेड ने 2016 में बैंक से 95 करोड़ रुपये का लोन प्राप्त किया था। इसके लिए उसने 19सी, अंसारी रोड, दरियागंज स्थित अपनी संपत्ति को गिरवी रखा था। मोहम्मद ने कथित तौर पर मार्च 2018 से मई 2019 के बीच जमीन पर कई फ्लैटों के निर्माण की सुविधा प्रदान की और उसने संपत्ति के गिरवी होने के बारे में बताए बिना ही उन्हें खरीदारों को बेच दिया। इस धोखाधड़ी से उसने 13 करोड़ रुपये कमाए। पुलिस अधिकारी ने बताया कि आरोपी ने निजी इस्तेमाल के लिए एक सहकारी बैंक में खोले गए खाते से 3.33 करोड़ रुपये भी कथित तौर पर निकाल लिए। कानून से बचने के लिए वह बार-बार मोबाइल नंबर बदलता रहा था और अलग-अलग नामों से सिम कार्ड खरीदता था। तकनीकी निगरानी के आधार पर मोहम्मद को निजामुद्दीन (पश्चिम) के एक होटल से पकड़ा गया।

# बीएसईएस ने बिजली कटौती गुल रहने के आरोपों को किया खारिज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली



निजी बिजली आपूर्ति कंपनी बीएसईएस ने दिल्ली में अघोषित बिजली कटौती अथवा आपूर्ति नहीं होने के आरोपों को निराधार करार देते हुए खारिज कर दिया है। कंपनी प्रवक्ता की तरफ से कहा गया है कि बिजली गुल होने संबंधी सभी आरोप निराधार है, कंपनी निर्बाध बिजली आपूर्ति के लिए प्रतिबद्ध है। कंपनी का दावा है कि इन दिनों दिल्ली में बिजली की मांग लगभग स्थिर है। एसएलडीसी के डेटा के मुताबिक 25 मार्च 2025 से अब तक शहर में बिजली की पीक डिमांड 4070 से 4360 मेगावाट के बीच बनी हुई है, जिसे सफलतापूर्वक पूरा किया जा रहा है। इसलिए बिजली गुल होने के संबंध में जो भी आरोप लगाए जा रहे हैं, वे आधारहीन और तथ्यों से एकदम परे हैं। बीएसईएस अपने क्षेत्र में लगातार गुणवत्तायुक्त और विश्वसनीय बिजली आपूर्ति उपलब्ध करा रही है। हो सकता है कहीं-कहीं बिल्कुल किसी स्थानीय समस्या के चलते बिजली आपूर्ति में मामूली बाधा आई हो, लेकिन उसे अविलंब हल किया जा रहा है और बिजली बहाल की जा रही है। कभी-कभी मेंटेनेंस के कार्यों की वजह से भी बिजली आपूर्ति में बाधा आती है। लेकिन, बिजली नेटवर्क के सुचारू रूप से काम करने के लिए उसका मेंटेनेंस जरूरी हो जाता है। कंपनी ने दावा किया कि इन गर्मियों में उपभोक्ताओं को बेहतर बिजली आपूर्ति उपलब्ध कराने के लिए बीएसईएस ने लंबी अवधि के समझौतों के तहत पर्याप्त व्यवस्था कर ली है। पारंपरिक पावर प्लांट से मिल रही बिजली के अलावा, बीएसईएस को लगभग 2100 मेगावाट अक्षय ऊर्जा मिलेगी। सौर ऊर्जा के प्लांट से बीएसईएस को 888 मेगावाट सौर ऊर्जा मिलेगी। हाइड्रो प्लांट से 546 मेगावाट बिजली मिलेगी, 500 मेगावाट विंड पावर मिलेगा। इसके अतिरिक्त कचरे से बनने वाली 40 मेगावाट बिजली भी बीएसईएस को उपलब्ध होगी। वहीं बीएसईएस क्षेत्र में उपभोक्ताओं के घरों की छतों पर लगे रूफटॉप सोलर पैनलों से भी 197 मेगावाट बिजली बीएसईएस को मिलेगी। इसके अलावा, पावर बैंकिंग के माध्यम से भी बीएसईएस को 500 मेगावाट तक बिजली मिलेगी। इसलिए बिजली नई ऐतिहासिक मांग 9000 हजार मेगावाट तक भी पहुंचती है तब भी आपूर्ति निर्बाध रहेगी।

# गुरुद्वारा कमेटी की पहल पर 350 साल शहीदी दिवस को लेकर हुई अहम बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

■ आगामी आयोजित होने वाले कार्यक्रमों को लेकर बनाई जाएगी रूपरेखा

दिल्ली सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी की पहल पर गुरु तेग बहादुर साहिब जी के 350 साल शहीदी दिवस पर होने वाले कार्यक्रमों के बारे में अहम बैठक हुई। इस बैठक में सर्वसम्मति से तय हुआ की आगामी आयोजित होने वाले कार्यक्रमों को लेकर जो रूपरेखा बनाई जाएगी उसे अगली बैठक में रखा जाएगा। इस अवसर पर कमेटी के प्रधान सरदार हरमीत सिंह कालका, जनरल सेक्रेटरी सरदार जगदीप सिंह काहलो, धर्म प्रचार मुखी जसप्रीत सिंह कर्मसर, शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के पूर्व जनरल सेक्रेटरी सरदार गुरचरण सिंह ग्रेवाल सहित देश के अन्य राज्यों के प्रतिनिधि शामिल हुए। इस अवसर पर अध्यक्ष हरमीत सिंह कालका ने बताया कि आगामी नवंबर महीने में आने वाले गुरु तेग बहादुर साहिब जी के 350 साल शहीदी दिवस पर होने वाले कार्यक्रमों पर विचार-विमर्श किया गया। बैठक में जो भी सुझाव आए हैं, उन्हें कमेटी ने नोटिस किया है जल्द ही अगली बैठक बुलाई जाएगी। अगली बैठक में आगामी कार्यक्रमों को अंतिम रूप रेखा दी जाएगी। उन्होंने कहा कि पूरी कौम गुरु साहिब से संबंधित इस महत्वपूर्ण दिवस को बहुत बड़े स्तर पर मनाएगी। इस मौके पर शिरोमणि गुरुद्वारा कमेटी के पूर्व जनरल सेक्रेटरी गरेवाल ने कहा कि गुरु साहिब के ऐतिहासिक दिवस को मनाने के लिए शिरोमणि गुरुद्वारा कमेटी द्वारा दिल्ली गुरुद्वारा कमेटी को पूर्ण सहयोग दिया जाएगा। बैठक में यह सुझाव भी आया कि इस दिन को समर्पित 9 बड़े ऐतिहासिक नगर कीर्तन भी सजाए जाएं। बैठक में यह भी सुझाव दिया गया कि इन कार्यक्रमों को मनाने के लिए केंद्र और राज्य सरकारों की मदद ली जाए। साथ ही यह सुझाव भी आया कि चूंकि युवा पीढ़ी नए सोशल मीडिया प्लेटफार्म का इस्तेमाल करती है, इसलिए सिख इतिहास से संबंधित पोस्ट इन प्लेटफार्मों पर डाली जाएं। प्रो. मनजीत सिंह ने पेशकश की कि उन्हें 350 विद्यार्थी दिए जाएं, जिन्हें वे अपने केंद्र में शिक्षा देंगे। इस मौके पर यह भी मांग उठी कि शहीदी दिवस पर केंद्र और राज्य सरकारों से सरकारी छुट्टी की घोषणा करने की मांग की जाए।


## अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

**धारा 82 सीआरपीसी देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **गौरव, पुत्र मुकेश निवासी ई-4/460, नंद नगरी, दिल्ली** ने **प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 782/2021 धारा 25/54/59 आर्म्स एक्ट, थाना नन्द नगरी, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गये गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया है कि उक्त अभियुक्त **गौरव** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया है कि उक्त अभियुक्त **गौरव** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है **कि प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 782/2021 धारा 25/54/59 आर्म्स एक्ट, थाना नन्द नगरी, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **गौरव** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **03.05.2025** को या उससे पूर्व हाजिर हो।

**आदेशानुसार**
**सुश्री दीपाक्षी राणा**
**न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी-03, कमरा नं.19, प्रथम तल**
**शाहदरा जिला, कड़कड़डूमा कोर्ट्स, दिल्ली**

**DP/3652/NE/2025**

## हरियाणा सरकार — निविदा सूचना

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | एचएसएएमबी जींद | एम.सी. नरवाना जिला जींद में गांव दरौदी से भाना तक रोड आईडी 3280 लिंक रोड की विशेष मरम्मत। | बंद होने की तिथि 10.04.2025 | 52,60,560/- | https://etenders.hry.nic.in | 01681252003 eejnd37.hsamb@gmail.com |
| 2 | एचएसएएमबी जींद | सब यार्ड छात्र, एमसी उचाना में कैबिन सहित 60 एमटी क्षमता वाले पिट टाइप वे ब्रिज की आपूर्ति स्थापना व कमीशनिंग | बंद होने की तिथि 18.04.2025 | 67,51,145/- | https://etenders.hry.nic.in | 01681252003 eejnd37.hsamb@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें: www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2026/40/33544/I/88/7 दि. 02.04.25


## टाटा पॉवर अपने परिचालन क्षेत्र में कुशलता से पूरी कर रही अधिकतम बिजली की मांग

**नई दिल्ली।** निजी बिजली आपूर्ति कंपनी टाटा पावर दिल्ली डिस्ट्रीब्यूशन लिमिटेड ने दावा किया है कि उसके क्षेत्र में होने वाली किसी भी अधिकतम मांग को रोजाना निर्बाध आपूर्ति की जा रही है। कंपनी कुछ जगहों से बिजली आपूर्ति में आए व्यवधान के कारणों को भी स्पष्ट करना चाहेगी। दिल्ली विश्वविद्यालय क्षेत्र में पिछले एक सप्ताह में कोई पॉवर कट नहीं हुआ है। किराड़ी में गर्मियों से पहले ओवरलोडिंग को कम करने के लिए सिस्टम सुधार योजनाओं के लिए पिछले सप्ताह औसतन 1 घंटे के सात प्लान शटडाउन हुए थे। कंपनी के अनुसार रोहिणी सेक्टर 22 में डिस्ट्रीब्यूशन ट्रांसफार्मर को बढ़ाने के लिए पॉकेट 11 और 12 में छह घंटे का एक प्लान शटडाउन किया गया था। वहीं बुराड़ी में गर्मियों के दौरान संभावित ओवरलोडिंग को दूर करने के लिए सिस्टम सुधार योजनाओं के तहत पिछले सप्ताह नौ प्लान शटडाउन किए गए, जिनमें से प्रत्येक औसतन तीन घंटे का था। साथ ही टाटा पावर-डीडीएल यह भी स्पष्ट करना चाहेगी कि सोशल मीडिया पर साझा की जा रही कुछ शिकायतें और दावे गलत, भ्रामक हैं, और उनका उद्धेश्य झूठ फैलाया प्रतीत होता है। किसी भी ब्रेकडाउन और इमरजेंसी के लिए टाटा पावर के पास 24 घंटे सातों दिन कार्य करने वाली विशेष त्वरित प्रतिक्रिया टीम (क्यूआरटी) है।

## यादव के नेतृत्व में 258 ब्लॉक समितियों की बैठक हुई आयोजित

**नई दिल्ली।** दिल्ली प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष देवेन्द्र यादव के नेतृत्व में दिल्ली के सभी 258 ब्लॉक कांग्रेस कमेटियों में संगठन मजबूती के लिए बुधवार को मासिक बैठकें हुई। इन बैठकों में यादव ने कार्यकर्ताओं को अगामी चुनावों में जीत पर पूरा फोकस करने का संदेश दिया। यादव ने कहा कि गत विधानसभा चुनावों में बेशक कांग्रेस के वोट प्रतिशत में बढ़ोतरी हुई है, लेकिन इससे हम तसल्ली नहीं कर सकते। इसलिए हमें मिलकर कार्य करते हुए केवल जीतने की रणनीति पर जुटना होगा। यादव ने कहा कि बूथ स्तर तक कार्यकर्ताओं की टीम बनाना ब्लाक अध्यक्षों की प्राथमिकता होनी चाहिए जिसके लिए सभी को एकजुट होकर काम करना होगा। उन्होंने कहा कि 12 वार्डों में आगामी निगम उप चुनावों के लिए दिल्ली कांग्रेस ने कोआर्डिनेशन कमेटी का गठन कर दिया है, ताकि हम निगम चुनावों में अभी से काम शुरु कर सके। हमने 12 वार्डों के लिए वार्ड प्रभारी भी नियुक्त किए है जिनको निगम और संगठन में कौशल और राजनीतिक अनुभव है।


## हरियाणा सरकार — निविदा सूचना

| क्र. सं. | विभाग का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | विभाग की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | लोनिवि भ व प करनाल | जिला कैथल न्यायालय परिसर में स्थापित एयरकंडिशनर्स को बदलना + 3 कार्य। | 01.04.2025 10.04.2025 | 2.73 करोड़ | https://etenders.hry.nic.in | 1842265696 pwd-eeed-karnal@hry.nic.in |
| 2 | लोनिवि भ व प अंबाला | सैक्टर 5 पंचकूला में राज्य आर्कलॉजिकल म्यूजियम का निर्माण (केवल सवारी लिफ्टों का प्रावधान) + 4 कार्य। | 02.04.2025 08.04.2025 | 209.05 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 0171-2630877 pwd-eeed-ambala@hry.nic.in |
| 3 | पंचायती राज खंड चरखी दादरी | गांव मौडी एमपी में अंबेडकर भवन को पूरा करना + 2 कार्य। | 28.03.2025 04.04.2025 | 23.88 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416927275 xenprcharkhidadri@gmail.com |
| 4 | पंचायती राज गन्नौर | गांव घसौली ब्लॉक डिवी. सोनीपत के शमशान घाट में बरामदे का निर्माण। | 18.03.2025 07.04.2025 | 6.60 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 7015771521 sdoprganaur1@gmail.com |
| 5 | पंचायती राज करनाल | गांव बिरचपुर ब्लॉक मुनक जिला करनाल शिव धाम योजना के तहत हैंड पंप की स्थापना। | 01.04.2025 07.04.2025 | 0.43 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9813805200 prexeeng.krl@hry.nic.in |
| 6 | कल्पना चावला राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय, करनाल | केसीजीएमसी, करनाल हेतु लॉन्ड्री सेवाओं की आपूर्ति के लिए ई निविदा के संबंध में। | 04.04.2025 21.04.2025 | ईएमडी 120000/- | https://etenders.hry.nic.in | 9416484103 director.kcghc-hry@gov.in |
| 7 | जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग, मंडी डबवाली | बैकेट टाइप सीवर क्लीनिंग मशीन द्वारा विभिन्न साइज की सीवर लाइनों से गाध निकालना, सीवर योजना कालांवाली टाउन का वार्षिक रख-रखाव। | 01.04.2025 08.04.2025 | 4.95 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 8730000001 ee.mandidabwali@gmail.com |
| 8 | हरियाणा पुलिस | हरियाणा पुलिस हेतु 1,00,000 अदद पैन ड्राइव की खरीद हेतु 1 वर्ष की अवधि के लिए दर अनुबंध पर निविदा सूचना। | 02.04.2025 16.04.2025 | 10,000/- | https://etenders.hry.nic.in | 78143-30006 kamaldeepips@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें: www.etenders.hry.nic.in
पीआरडीएच-11/2026/160/33556/I/88/7 दि. 02.04.25




### दिल्ली में छह नए एयर क्वालिटी मॉनिटरिंग स्टेशन किए जाएंगे स्थापित

# सीएम ने विधानसभा में की घोषणा, 2026 तक दिल्ली की सड़कों पर दौड़ेंगी 11 हजार बसें

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने बुधवार को विधानसभा में घोषणा की है कि सरकार वायु प्रदूषण से निपटने के लिए अन्य राज्यों के वाहनों को प्रदूषण नियंत्रण (पीयूसी) प्रमाण पत्र जारी करने के लिए एक नई नीति बनाई जाएगी। नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक (सीएजी) की 'दिल्ली में वाहनों से होने वाला वायु प्रदूषण' शीर्षक वाली रिपोर्ट के जवाब में यह कदम उठाया गया है, जिसमें राष्ट्रीय राजधानी के प्रदूषण नियंत्रण तंत्र में खामियों को उजागर किया गया है।

सीएम ने विधानसभा में कहा कि 2026 तक दिल्ली की सड़को पर 11 हजार बसें चलेंगी।

मुख्यमंत्री ने दिल्ली में इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) चार्जिंग सुविधा के विस्तार की भी घोषणा की। उन्होंने कहा कि 2026 तक राजधानी में 48,000 चार्जिंग पॉइंट होंगे, जिसमें 18 हजार सरकार द्वारा संचालित होंगे जबकि 30 हजार अर्धसरकारी होंगे। इसके अतिरिक्त, प्रदूषण की निगरानी और उसकी रोकथाम को मजबूती प्रदान करने के लिए छह नए वायु गुणवत्ता निगरानी केंद्र भी स्थापित किए जाएंगे। मुख्यमंत्री ने इलेक्ट्रॉनिक कचरे के प्रसंस्करण के लिए समर्पित एक नया इको-पार्क स्थापित करने की योजना का भी खुलासा किया, जिसका उद्देश्य ई-कचरे के अनुचित निपटान से होने वाले वायु प्रदूषण को रोकना है। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने रिपोर्ट पर बोलते हुए कहा, विपक्ष चर्चा नहीं करती है, भागती है इसीलिए आज भी वह सदन में नहीं हैं। जो दिल्ली को नुकसान हुआ उसकी भरपाई नहीं हो सकती है इसीलिए हम पहले दिन से काम कर रहे हैं। आज 6484 बसें हैं और इस साल अंत तक तीन हजार 850 बसें रह जाएंगी। ईवी सहित सभी तरह की 11 हजार बसें लेकर आएंगे। सभी रूट्स को बेहतर किया जाएगा। डिम्ट्स के शेयर को वापस लेंगे उसे चुनौती देंगे। आज 77 डिपो हैं और ईवी चार्जिंग बढ़ा 44 हजार लेकर जाएंगे। ईवी पॉलिसी को प्रोत्साहित किया जाएगा। पुराने 10 व 15 साल वाले वाहन हटाए जाएंगे। बाहरी राज्यों के वाहनों की प्रदूषण जांच की जाएगी व थर्ड पार्टी जांच करवाएंगे। 500 सीसीटीवी कैमरे भी लगेंगे। इसके साथ ही आईएसबीटी शहर के बाहरी इलाकों में ले जाएंगे। वायु प्रदूषण के लिए धूल के कणों पर भी ध्यान देंगे। एनवायरमेंट मॉनिटरिंग बेहतर की जाएगी और छह नए दिल्ली में 6 नए एयर क्वालिटी मॉनिटरिंग स्टेशन स्थापित किए जाएंगे। ठोस कचरा प्रबंधन को छह हजार टन कर पूरी प्रक्रिया को बेहतर किया जाएगा। ई-वेस्ट प्रबंधन पार्क सरकार बनाएगी। ग्रीन एरिया को पर्यावरण रक्षकों के सहयोग से 70 लाख पौधे लगाकर बढ़ाएंगे। सीएम ने कहा कि प्रदूषण को कम करने के लिए 1000 वॉटर स्प्रिंकलर मशीनें पूरी दिल्ली में तैनात की जाएगी। वहीं सीएम ने कहा कि दिल्ली सरकार अन्य राज्यों के वाहनों को प्रदूषण प्रमाण पत्र प्रदान करने के लिए नई नीति लाएगी। वहीं खराब बसों को लोकल डिपो के कर्मचारियों से रिपेयर करने की योजना बनाई जाएगी। विधानसभा अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने इस मौके पर व्यवस्था देते हुए कहा कि इस समस्या का समाधान सरकार कर सकती थी लेकिन पूर्ववर्ती सरकार ने नहीं किया। लोक लेखा समिति जांच करे, उन्हें पहचाने जिन्होंने काम नहीं किया। अध्यक्ष ने निर्देश दिया कि सभी विभाग एक महीने में एक्शन टेकन रिपोर्ट दें व लोक लेखा समिति तीन माह में अपनी रिपोर्ट दे।

## पानी के बिलों पर राहत देने के लिए बहुत जल्द लाएंगे योजना : प्रवेश वर्मा



**नई दिल्ली।** दिल्ली विधानसभा के बजट सत्र के आखिरी दिन सदन में पानी के बढ़े बिलों से परेशान दिल्ली की जनता का मामला उठा। इस मामले पर जल मंत्री प्रवेश वर्मा ने सदन में कहा कि पिछले आप-दा की सरकार ने सत्ता में रहते हुए खुली लूट मचाई और चुनाव से पहले बदमाशी करते हुए लोगों के घर लाखों के बिजली बिल भेज दिए। जिसकी वजह से जनता उनकी गलतियों का खामियाजा भुगत रही है। लेकिन हम बढ़े बिलों को लेकर जनता को राहत देते के लिए बहुत जल्द एक खुशखबरी वाली योजना लेकर आएंगे। जब तक सरकार की योजना नहीं आ जाती तब तक किसी भी दिल्लीवासी का पानी का कनेक्शन नहीं काटा जाएगा। मंत्री प्रवेश वर्मा ने सदन में कहा कि पिछली सरकार 10 साल में जो पाप करके गई है उन पापों से जनता को राहत देने के लिए कुछ समय लगेगा। हालत यह है कि 25-25 गज के मकानों के पानी के बिल भी लाखों में आ रहे हैं। उस समय के सीएम कहते थे कि कोई बिल जमा मत करना, हमारी सरकार आएगी तो सभी के बिल माफ कर देंगे। अब मैं सदन के सभी सदस्यों को विश्वास दिलाता हूं कि हम पानी के बढ़े बिलों को लेकर ऐसी योजना लेकर आ रहे हैं जिससे सदस्यों का मान सम्मान बढ़ाएंगे, हम किसी भी हालत में सदस्यों का मान सम्मान कम नहीं होने देंगे। वहीं मंत्री प्रवेश वर्मा ने कहा कि जब तक बढ़े पानी के बिलों पर हम योजना नहीं ले आते तब तक किसी भी दिल्लीवासी का पानी का कनेक्शन नहीं काटा जाएगा। वहीं उन्होंने मीटर रीडरों की मनमानी पर कहा कि अगर कोई भी मीटर रीडर पानी के बिलों को लेकर सेटलमेंट की बात करता है तो उसकी शिकायत तुरंत करें। सरकार उस पर सख्त कार्रवाई करेगी। मैं इस समस्या को जड़ से खत्म करना चाहता हूं। वहीं मंत्री प्रवेश वर्मा ने कहा कि हम मीटरों की भी जांच कराएंगे। वहीं जल मंत्री ने कहा कि दिल्ली में पानी की कमी है लेकिन हमारी कोशिश है कि गर्मी में सभी लोगों को पर्याप्त पीने का पानी मिल सके। दरअसल मंत्री प्रवेश वर्मा जवाब से पहले शून्यकाल में सबसे कम उम्र के सदस्य उमंग बजाज ने दिल्ली में बढ़े हुए पानी के बिलों का मुद्दा सदन में उठाया। जिस पर सत्तापक्ष के सदस्य अजय महावर, पवन शर्मा, तरविंदर सिंह मारवाह, सूर्य प्रकाश खत्री, मोहन सिंह बिष्ट, करनैल सिंह, शिखा राय आदि सदस्यों ने बढ़े पानी के बिलों पर सरकार से राहत देने की मांग की।

## विपक्षी सदस्यों ने किया सदन में हंगामा, 12 सदस्य मार्शल आउट




हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

■ सदन के बाहर गांधी प्रतिमा के पास पोस्टर लेकर किया प्रदर्शन

दिल्ली विधानसभा के बजट सत्र के आखिरी दिन कार्यवाही हंगामे से शुरू हुई। सदन की कार्यवाही शुरू होते ही विपक्ष की नेता आतिशी ने 2020 के दंगे को लेकर मंत्री कपिल मिश्रा पर एफआईआर दर्ज करने के दिए आदेश को लेकर सदन में मंत्री कपिल मिश्रा के इस्तीफे की मांग की। इस मांग को लेकर सदन में उपस्थित अन्य विपक्षी सदस्य भी हंगामा करने लगे। सदन की कार्यवाही में व्यवधान होते देख विधानसभा अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने नेता विपक्ष आतिशी समेत 12 सदस्यों को मार्शलों द्वारा सदन से बाहर निकलवा दिया।

इसके बाद अन्य सभी विपक्षी सदस्यों ने भी सदन का बहिष्कार कर दिया। बाद सभी विपक्षी सदस्यों ने विधानसभा परिसर में गांधी प्रतिमा के पास पोस्टर लेकर प्रदर्शन किया।

### महिला कांग्रेस ने भाजपा कार्यालय तक निकाला मार्च

नई दिल्ली। दिल्ली प्रदेश महिला कांग्रेस कमेटी ने 33 प्रतिशत महिला आरक्षण लागू करने की मांग के साथ डीपीसीसी कार्यालय राजीव भवन से भाजपा मुख्यालय तक नारी न्याय पैदल मार्च निकाला। मार्च की अगुवाई महिला कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष पुष्पा सिंह ने किया। मार्च निकाल रही महिला कार्यकर्ताओं ने हाथों में पोस्टर बैनर पकड़े हुए थे जिन पर मोदी सरकार से 33 प्रतिशत महिला आरक्षण लागू से संबंधित नारे लिखे हुए थे। इस मौके पर पुष्पा सिंह ने कहा कि हमारी अध्यक्ष अलका लांबा के दिशा निर्देश पर नारी न्याय मार्च निकाला जा रहा है। हम केंद्र सरकार व पीएम नरेंद्र मोदी से मांग करते है कि महिलाओं को 33 प्रतिशत महिला आरक्षण को तुरंत लागू किया जाए।

## महिला सशक्तिकरण के लिए 'रन फॉर ए गर्ल चाईल्ड' का आयोजन

हरिभूमि न्यूज नई दिल्ली



■ 13 अप्रैल को जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में दौड़ेगी दिल्ली

सामाजिक संस्था सेवा भारती, दिल्ली द्वारा आगामी 13 अप्रैल को दिल्ली के जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में एक मैराथन 'रन फॉर ए गर्ल चाईल्ड' का आयोजन किया जा रहा है। इस दौड़ को किशोरी विकास, महिला सशक्तिकरण के उद्देश्य से किया जा रहा है जिसमें सेवा बस्तियों की बहनों के साथ बॉलीवुड, व्यवसाय, खेल, शिक्षा, महिला सशक्तिकरण और सशस्त्र बलों से जुडे प्रतिष्ठित व्यक्तित्व शामिल होंगे। इस आयोजन में हर उम्र के 5000 से अधिक प्रतिभागियों के भाग लेने की उम्मीद है। सेवा भारती के प्रांत अध्यक्ष रमेश अग्रवाल, सचिव एवं कार्यक्रम की संयोजक निधि आहूजा और महासचिव सुशील गुप्ता ने बताया कि समूचे राज्य की सेवा बस्तियों में 132 किशोरी विकास केंद्रों को भी शुरू कर चुके हैं। हमारा उद्देश्य है कि इन केंद्रों के माध्यम से हम एक लाख किशोरियों और बेटियों तक सेवाएं पहुंचाएंगे। इस कार्यक्रम के लिए क्रिकेटर वीरेंद्र सहवाग, शिखर धवन, पुलिस आयुक्त संजय अरोड़ा, पी.टी. ऊषा ने अभी तक इस कार्यक्रम को अपना समर्थन दिया है। बताया गया कि इस दौड़ का आयोजन जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में सुबह छह बजे से शुरू होगा। इस दौड़ में 10 किलोमीटर (टाइम्डरन), 5 किलोमीटर (फनरन), और तीन किलोमीटर (फनरन) जैसी श्रेणियां शामिल हैं।

### प्रधानमंत्री मोदी का जताया आभार

# प्रदेश भाजपा ने वक्फ बोर्ड बिल का किया स्वागत



हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली भाजपा प्रदेश के अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा के नेतृत्व में बुधवार को अल्पसंख्यक मोर्चे के कार्यकर्ताओं ने रेल भवन गोल चक्कर के अलावा छह प्रमुख स्थानों पर वक्फ बोर्ड बिल के लोकसभा में पेश होने पर सुबह प्ले कार्ड लेकर स्वागत किया गया और मिठाई बांटी। वीरेंद्र सचदेवा सहित अल्पसंख्यक मोर्चा के पदाधिकारियों ने मिठाइयाँ बाँटकर अपनी ख़ुशी ज़ाहिर की। इसके साथ ही अल्पसंख्यक मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने देश के निचले और दबे तबके के मुसलमान भाइयों बहनों को इस जनकल्याणकारी बिल के लिए बधाई दी और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार प्रकट किया। वहीं, अनीस अब्बासी ने कहा है कि आजादी के लगभग 8 दशक बाद नरेन्द्र मोदी पहले प्रधानमंत्री हैं जो कुछ लोगों का वक्फ बोर्ड पर कब्ज़ा हटा कर वक्फ को आम मुस्लिम को सौंपना चाहते हैं। अब्बासी ने कहा कि जेपीसी को मिले 97 लाख सुझावों पर विचार करने के बाद यह बिल तैयार किया गया है।

इसलिए इसका विरोध करना और इसपर राजनीति करने का प्रयास ना किया जाए। प्ले कार्ड समर्थन एवं मिठाई वितरण में अल्पसंख्यक मोर्चा के अध्यक्ष अनिस अब्बासी के साथ नईम सैफी, फैसल मंसूरी, शबाना रहमान, इरफान सलमानी, जुल्फिकार अली, इम्तियाज अहमद, मुर्शिदा खातून, खालिद चौधरी भी मौजूद थे।

सचदेवा ने कहा कि नए वक्फ़ बोर्ड बिल के सहारे दिल्ली ही नहीं देश भर के मुसलमानों की तरक्की के लिए एक नया रास्ता खुलेगा और मुस्लिम समुदाय का एक विशेष समाज जो वक्फ को अपनी हुकूमत मान बैठा था और पसमंदा मुस्लिम भाईयों को हाशिए पर रखने की साजिश कर रहा था अब उससे छुटकारा मिलेगा और वर्षों से सताए जा रहे पसमंदा मुस्लिम भाई बहनों को विकास की मुख्यधारा से जोड़ने का काम किया जाएगा।

हरियाणा सरकार
निदेशालय, सूचना, जन सम्पर्क, भाषा एवं संस्कृति विभाग, हरियाणा



आजादी की पहली लड़ाई का शहीद स्मारक, अम्बाला कैंट

'निविदा सम्बन्धी सूचना'

1857 की क्रान्ति की याद में वीर जवानों की बहादुरी एवं शहादत को नमन करने के लिए अम्बाला कैंट में (अम्बाला कैंट-दिल्ली) नेशनल हाईवे 44 पर "आजादी की पहली लड़ाई का शहीद स्मारक" का निर्माण किया जा रहा है। यह एशिया का सबसे बड़ा स्मारक बनाया जा रहा है, जिसमें प्रतिदिन हजारों लोगों का आवागमन होगा।

स्मारक के प्रथम तल पर 08 Food Court स्थित है। एक Food Court का Carpet Area 204.87 वर्ग फुट है तथा प्रत्येक Food Court के सामने 708 वर्ग फुट का ओपन एरिया उपलब्ध होगा।

विभाग द्वारा इन 08 Food Court को लीज पर देने हेतु https://etenders.hry.nic.in पर निविदा लगाकर बोलियां आमंत्रित की गई हैं, जिसकी अन्तिम तिथि 15 अप्रैल, 2025 सायं 4:00 बजे तक है। इस निविदा की ID-2025_HRY_433265_1 है तथा इसके दस्तावेज व अन्य शर्तें उक्त वेबसाइट से डाउनलोड की जा सकती है। अगर कोई बोलीदाता Food Court देखना चाहता है तो वह किसी भी दिन सायं 5:00 बजे से पहले देख सकता है।

पता: सूचना, जन सम्पर्क एवं भाषा विभाग, हरियाणा
एस.सी.ओ. नं. 200-201, सेक्टर-17 सी, चण्डीगढ़, फोन नं. 0172-5046246 ई-मेल: directorshaheedsamarak@gmail.com

सूचना एवं जन संपर्क विभाग, हरियाणा के Whatsapp चैनल से जुड़ने के लिए क्यू आर कोड स्कैन करें

## कैबिनेट मंत्री गोयल की अध्यक्षता में नगर निगम और बिजली विभाग की संयुक्त बैठक संपन्न

**फरीदाबाद।** सेक्टर-16ए सर्किट हाउस में बुधवार को कैबिनेट मंत्री विपुल गोयल की अध्यक्षता में फरीदाबाद विधानसभा के समस्त नवनिर्वाचित पार्षदों, नगर निगम अधिकारियों एवं बिजली विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों की संयुक्त बैठक संपन्न हुई। इस बैठक में विपुल गोयल के साथ खाद्य आपूर्ति एवं उपभोक्ता मंत्री राजेश नागर भी उपस्थित थें। इस महत्वपूर्ण बैठक का उद्देश्य सभी विभागों और जनप्रतिनिधियों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करना थाए ताकि वार्डों के विकास कार्यों को सुचारू रूप से संचालित किया जा सके और फरीदाबाद के नागरिकों को उच्चस्तरीय सुविधाएं उपलब्ध कराई जा सकें।

बैठक के दौरान नागरिक सुविधाओं की बेहतरी को लेकर विस्तार से चर्चा की गई।

## खाद्य आपूर्ति मंत्री नागर ने किया तिगांव अनाज मंडी का दौरा, किसानों की समस्याएं सुनीं

यह बात भी महत्वपूर्ण है कि इस समय भारत दुनिया में सबसे अधिक 6.5 से 7 फीसदी विकास दर और सर्विस एक्सपोर्ट की वैश्विक राजधानी का तमगा हासिल करते हुए मजबूत घरेलू बाजार और रिकार्ड खाद्यान्न उत्पाद की ताकत के मद्देनजर दुनिया के कई विकसित और विकासशील देश भारत के साथ द्विपक्षीय और मुक्त व्यापार समझौतों के लिए तत्परता दिखा रहे हैं। उम्मीद करें कि अमेरिका के द्वारा भारत पर रेसिप्रोकल टैरिफ लगाए जाने की नई चुनौती के बीच द्विपक्षीय व्यापार समझौतों और नए मुक्त व्यापार समझौतों की वार्ता के दौरान शुरुआत से ही शुल्क, गैर शुल्क बाधाओं पर प्राथमिकता के साथ बातचीत करने और द्विपक्षीय व्यापार वार्ताओं को शीघ्रता से अंतिम रूप देने की नई रणनीति के अच्छे परिणाम बहुत जल्द सामने आते जाएंगे और वैश्विक वैल्यू चेन में भी भारत की हिस्सेदारी बढ़ते हुए दिखाई देगी। ऐसे में भारत टैरिफ चुनौतियों के बीच विभिन्न देशों में कारोबार की नई संभावनाओं को मुट्ठियों में लेते हुए वर्ष 2047 तक देश को विकसित राष्ट्र बनाने की डगर पर तेजी से आगे बढ़ते हुए भी दिखाई देगा।

(लेखक ख्यात अर्थशास्त्री हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

डिजिटल युग

डॉ. ज्योत्सना शर्मा



# साइबर क्राइम की रोकथाम है ज़रूरी

आज के डिजिटल युग में, हम बहुत तेज़ी से आगे बढ़ रहे हैं और डिजिटल दुनिया के साथ सामंजस्य बिठा रहे हैं। औद्योगीकरण के युग में मानव समाज ने बड़ी सहजता से प्रौद्योगिकी को अंगीकृत किया है। हमारे पास अलग-अलग तकनीकें हैं, साधन हैं जो हमारे घरेलू और कामकाजी जीवन का एक महत्वपूर्ण हिस्सा बन गई हैं, जैसे ऑडियो और वीडियो प्रौद्योगिकी, जीपीएस और लोकेशन सर्विस, अलग-अलग नेटवर्क, 4जी और 5जी क्लाउड सर्विस, स्मार्ट होम, साइबर सुरक्षा और आजकल जिसकी सबसे ज्यादा चर्चा है, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस अर्थात कृत्रिम मेधा। इन सभी तकनीकों ने मानव जीवन में महत्वपूर्ण बदलाव किए हैं। प्रौद्योगिकी के उपयोग के साथ ही हम कुछ गंभीर मुद्दों का सामना भी कर रहे हैं जैसे कि तेज़ी से बढ़ते हुए साइबर अपराध। अंतरराष्ट्रीय दूरसंचार संघ (आईटीयू) के अनुसार, दुनियाभर में अनुमानित 4.1 बिलियन इंटरनेट उपयोगकर्ताओं के लिए, इंटरनेट सुरक्षा संबंधी खतरे तेजी से बढ़ रहे हैं। साइबर अपराध को किसी भी गैरकानूनी कार्य के रूप में परिभाषित किया जा सकता है जहां कंप्यूटर या संचार उपकरण या कंप्यूटर नेटवर्क का उपयोग अपराध करने या उसे सुविधाजनक बनाने के लिए किया जाता है। साइबर बेईमानी, साइबर स्टॉकिंग, साइबर ग्रूमिंग, ऑनलाइन जॉब फ्रॉड, ऑनलाइन सेक्सटॉर्शन, फ़िशिंग, फिरौती, बाल शोषण, डेबिट/क्रेडिट कार्ड धोखाधड़ी, क्रिप्टो जैकिंग कुछ प्रचलित साइबर अपराध के प्रकार हैं। इन अपराधों का समाज और व्यक्ति पर विभिन्न तरीकों से गहरा प्रभाव पड़ता है। इनमें से किसी भी प्रकार का साइबर अपराध किसी व्यक्ति, कंपनी और संगठन को वित्तीय नुकसान पहुंचा सकता है। पिछले कुछ समय से सोशल मीडिया पर सूचनाओं में हेरफेर करके आम लोगों की भावनाओं को ठेस पहुंचाने का काम भी हो रहा है जिससे उन्माद भड़क जाते हैं और आम जीवन अस्त व्यस्त हो जाता है। साइबर अटैक तनाव और मानसिक दबाव पैदा करते हैं, जो किसी को भी भावनात्मक और मनोवैज्ञानिक रूप से नुकसान पहुंचाते हैं। 'क्राइम इन इंडिया' एनसीआरबी (स्रोत) के द्वारा प्रकाशित राज्य/केंद्र शासित प्रदेश-वार वर्ष 2020-2022 के दौरान साइबर अपराधों के तहत 65893 मामले(सीआऱ) दर्ज किए गए।साइबर अपराधों के लिए धोखाधड़ी के तहत वर्ष 2020-2022 के दौरान राज्य/केंद्र शासित प्रदेश-वार 17470 मामले (सीआर) दर्ज किए गए। I4C ने सक्रिय रूप से डिजिटल अरेस्ट के लिए उपयोग किए जाने वाले 3,962 से अधिक स्काइप आईडी और 83,668 व्हाट्सएप खातों की पहचान करके उन्हें ब्लॉक किया। भारत सरकार द्वारा 28.02.2025 तक पुलिस अधिकारियों द्वारा रिपोर्ट किए गए 7.81 लाख से अधिक सिम कार्ड और 2,08,469 आईएमईआई को ब्लॉक कर दिया गया है।

गृह मंत्रालय, भारत सरकार ने इस मुद्दे को उच्च प्राथमिकता पर लिया और देश में साइबर अपराधों से निपटने के लिए भारतीय साइबर अपराध समन्वय केंद्र की स्थापना करके एक पहल की। विभिन्न कानून प्रवर्तन एजेंसियों और हितधारकों के बीच समन्वय में सुधार करके साइबर अपराधों से निपटने के लिए इस योजना को शुरू किया गया था। मुख्य उद्देश्य देश में साइबर अपराध को रोकने के लिए एक नोडल केंद्र के रूप में कार्य करना है, ताकि महिलाओं और बच्चों के खिलाफ होने वाले साइबर अपराध से लड़ा जा सके और साइबर अपराध के रुझान और पैटर्न की पहचान करना, ऑनलाइन पोर्टल पर शिकायतों को आसानी से दर्ज किया जा सके और साइबर अपराधों को रोकने के बारे में जागरूकता पैदा की जा सके। साइबर फोरेंसिक जांच, साइबर हाईजीन, साइबर अपराध विज्ञान आदि के क्षेत्र में पुलिस अधिकारियों, सरकारी अभियोजकों और न्यायिक अधिकारियों की क्षमता निर्माण में राज्यों/ केंद्र शासित प्रदेशों की सहायता करना। हम प्रौद्योगिकी को नकार नहीं सकते; हमें इसके साथ चलना होगा। कई तकनीकी संसाधनों के साथ, अब डिजिटल डिवाइड नहीं है और प्रौद्योगिकी के उन्नयन के साथ हम विभिन्न क्षेत्रों में नवाचार और रचनात्मकता के कई उदाहरण देख रहे हैं, चाहे वह शिक्षा हो, चिकित्सा हो, ई-कॉमर्स हो आदि। ई-उद्यमिता आर्थिक विकास को गति दे रही है क्योंकि कोई भी व्यक्ति वैश्विक स्तर पर उत्पाद का विपणन और ब्रांडिंग करने के लिए डिजिटल कौशल का उपयोग कर सकता है। लेकिन अगर हम खुद को डिजिटल रूप से जागरूक रखते हैं, तो हम किसी भी तरह के साइबर अपराध से बच सकते हैं।

(लेखिका वरिष्ठ पत्रकार व विश्लेषक हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## शारीरिक-मानसिक शुद्धिकरण का उपाय है उपवास



संकलित

दर्शन

हिंदू धर्म का पवित्र चैत्र नवरात्र प्रारंभ हो चुकी है। नवरात्रि आत्मशुद्धि और साधना का अवसर है। इस दौरान उपवास, ध्यान और पूजा से मनुष्य अपने अंदर की नकारात्मक शक्तियों को नियंत्रित कर आत्मा की शुद्धि और आध्यात्मिक चेतना के उच्चतर स्तर की ओर अग्रसर होता है। इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु देवी दुर्गा की साधना और आध्यात्मिक उन्नति के लिए उपवास करेंगे। उपवास से शरीर और मन की शुद्धि होती है, जिससे ध्यान और साधना में एकाग्रता बढ़ती है। हाल ही में उपवास की चर्चा केवल नवरात्रि तक सीमित नहीं रही। उपवास एक अलग संदर्भ में भी चर्चा का विषय बना, जब प्रसिद्ध अमरीकी पॉडकास्टर लेक्स फ्रीडमैन ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का साक्षात्कार लेने से पहले 45 घंटे तक उपवास किया। घोर भौतिकवादी समाज से आने वाले फ्रीडमैन ने इसे सिर्फ एक शारीरिक क्रिया नहीं, बल्कि एक आध्यात्मिक अनुभव बताया। उन्होंने कहा कि यह उपवास उनके लिए पीएम मोदी के साथ संवाद का सम्मान करने और उच्चतर 'आध्यात्मिक स्तर' तक पहुंचने का एक उपाय था। यह घटना दर्शाती है कि उपवास केवल धार्मिक अनुष्ठान नहीं है। उपवास आध्यात्मिक उन्नति और आत्म-अनुशासन का भी एक सार्वभौमिक साधन है, जिसे दुनिया भर में स्वीकार किया जा रहा है। पश्चिमी वैज्ञानिक और दार्शनिक भी अब उपवास के लाभों को समझ रहे हैं। हमारी प्राचीन संस्कृति में उपवास, जिसे लंघन के नाम से भी जाना जाता है, को बहुत महत्व दिया जाता है।

## आपके भीतर ही मनःस्थिति ही है खुशी का रहस्य



संकलित

प्रेरणा

दुनिया की सभी शिक्षाएं महान खुशी पाने की बात करती हैं क्योंकि वे जानते हैं कि यही वह चीज है, जिसे हर कोई आखिरकार खोज रहा है। खुशी इस बात पर निर्भर नहीं करती कि हमारे पास क्या है या क्या नहीं है, यह बस एक मनःस्थिति है। यह ऐसी चीज नहीं है जिसे आप खरीद सकते हैं, यह पहले से ही आपके भीतर है, यहीं और अभी। हम जो कुछ भी बाहर चाहते हैं वह पहले से ही हमारे भीतर है। जीवन में हमेशा कुछ ऐसी चीजें होती हैं जो हमें परेशान करती हैं। इसे माया कहते हैं। उदाहरण के लिए अगर कोई आपसे प्यार करता है, तो यह परेशानी हो सकती है और अगर वह आपसे प्यार नहीं करता, तो यह भी परेशानी है। दोस्त और दुश्मन दोनों ही परेशानी का कारण हो सकते हैं। इसलिए यह संकल्प लेना जरूरी है, चाहे कुछ भी हो जाए, मैं अपनी खुशी नहीं खोऊंगा। भले ही आपको व्यापार, रिश्तों या जीवन के किसी भी दूसरे पहलू में नुकसान का सामना करना पड़े, लेकिन आपको अपनी खुशी नहीं खोनी चाहिए। यह आपके विकास का एक पैमाना है। जब आप खुशी के स्रोत पर जाते हैं, तो आपकी इंद्रियां मजबूत हो जाती हैं, आपका मन संतुष्ट हो जाता है और चीजें आपके पक्ष में होने लगती हैं। परफेक्ट होने के बारे में तनाव न लें। अगर आप परफेक्शन पर बहुत ज्यादा ध्यान केंद्रित करते हैं, तो आप गुस्सा महसूस करेंगे। दुनिया अपूर्ण लग सकती है, लेकिन अंदर से सब कुछ परफेक्ट है। परफेक्शन छिपा हुआ है, जबकि अपूर्णता दिखाई देती है।

अंतर्मन




आज की पाती

### प्राइवेट सेक्टर के लिए भी हो उचित पेंशन का प्रावधान

सरकार ने सरकारी कर्मचारियों के लिए यूपीएस अर्थात यूनिफाइड पेंशन स्कीम शुरू की है। इससे सरकारी कर्मचारियों को क्या लाभ होगा और इससे क्या नुकसान होंगे इस पर सभी के अपने अपने विचार हो सकते हैं लेकिन समय के साथ साथ हर जगह हर चीज में परिवर्तन जरूरी है। इस नई पेंशन योजना से सरकारी कर्मचारियों को सेवानिवृत्त होने के बाद उनकी बारह महीनों की लगभग बेसिक वेतन के लगभग पचास प्रतिशत निश्चित पेंशन देने का प्रावधान किया गया है, लेकिन इसके लिए कर्मचारियों को लगभग पच्चीस साल तक नौकरी करनी होगी। सरकारों से यह अनुरोध है कि वो प्राइवेट सेक्टर में काम, रोजगार करने वाले लोगों के बुढ़ापा सुरक्षित करने के लिए भी कोई अच्छी सी पेंशन योजना अमल में लाए।

*- रमेश चौधरी, दुर्ग*

ट्रेंड

### सहकारी शिक्षा



अब सहकारी शिक्षा भारतीय शिक्षा व पाठ्यक्रम का अभिन्न अंग बनेगी और त्रिभुवन सहकारी विश्वविद्यालय के माध्यम से देशभर के प्रशिक्षित युवा सहकारी क्षेत्र को अधिक व्यापक, सुव्यवस्थित और आधुनिक युग के अनुकूल बनाएँगे।

-अमित शाह, केंद्रीय गृहमंत्री

### भाषा विवाद गलत



जो लोग संकीर्ण राजनीतिक स्वार्थों के नाते यह भाषा विवाद खड़ा कर रहे हैं, उनका राजनीतिक उल्लू सीधा तो हो सकता है, लेकिन, वो रोजगार पर प्रहार कर रहे हैं। इसीलिए वो राज्य पिछड़ते जा रहे हैं।

-योगी आदित्यनाथ, सीएम, उप्र

### विपक्षी दल एकजुट



सभी विपक्षी दल एकजुट हैं और वक्फ संशोधन विधेयक पर मोदी सरकार के असंवैधानिक और विभाजनकारी एजेंडे को हराने के लिए संसद में मिलकर काम करेंगे।

- मल्लिकार्जुन खड़गे, कांग्रेस अध्यक्ष

### नंदघर का सपना



जब नंदघर का सपना देखा था, सिर्फ एक ही सोच थी कि हर बच्चे को अच्छी शिक्षा और पोषण मिले, हर महिला के हाथ में रोज़गार हो। आज, 15 राज्यों में 8000 से अधिक नंदघरों के साथ, 3 लाख से ज़्यादा बच्चों का भविष्य संवर रहा है और 2.5 लाख महिलाएँ अपने पैरों पर खड़ी हैं।

-अनिल अग्रवाल, उद्यमी

करंट अफेयर

## खालिदा जिया अप्रैल मध्य में बांग्लादेश लौट सकती है



बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री एवं बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) अध्यक्ष खालिदा जिया की स्वास्थ्य स्थिति में सुधार है और उनके अप्रैल के मध्य में लंदन से बांग्लादेश लौटने की संभावना है। यह जानकारी मीडिया की एक खबर में पार्टी के एक नेता के हवाले से दी गई। बीएनपी महासचिव मिर्जा फखरुल इस्लाम आलमगीर ने कहा कि जिया (79) अप्रैल के मध्य में स्वदेश लौटेंगी, लेकिन यह अभी भी निश्चित नहीं है। बीएनपी नेता ने यह भी कहा कि लंदन में जिया की स्वास्थ्य स्थिति में सुधार है, जहां वह अपने परिवार के साथ ईद मना रही हैं। आलमगीर के हवाले से कहा गया, 'आज (रविवार) वहां ईद मनाई जा रही है। वह आठ साल बाद अपने परिवार के साथ ईद मना रही हैं।' यह जिया का लंदन में तीसरी ईद है, इससे पहले वह 2017 और 2015 में ईद के मौके पर लंदन में ही रही थीं। इस बीच, लंदन से यूनाइटेड न्यूज ऑफ बांग्लादेश से बात करते हुए जिया के निजी चिकित्सक एजेडएम जाहिद हुसैन ने कहा कि बीएनपी नेता जिया के स्वास्थ्य की स्थिति स्थिर है। उन्होंने कहा कि 25 जनवरी को अस्पताल से छुट्टी मिलने के बाद से जिया घर पर ही उपचार करा रही हैं।

ऑफ बीट

## बुजुर्गों के लिए मददगार हो सकते हैं वर्चुअल इंसान

सामाजिक रूप से अलग-थलग पड़ जाने के कारण अकेलेपन से जूझ रहे कई बुजुर्गों के लिए वर्चुअल इंसान का साथ मददगार साबित हो सकता है।



अभी तक केवल 'साइंस फिक्शन' (वैज्ञानिक काल्पनिक कहानियों) में नजर आने वाले ये वर्चुअल इंसान चल सकते हैं, बात कर सकते हैं और आपके सोफे पर बैठ सकते हैं। वह दिन दूर नहीं, जब हमारे सबसे अच्छे मित्रों में कम्प्यूटर जनित इंसान भी शामिल होंगे, क्योंकि बड़ी संख्या में ऐसे लोग हैं, जो बढ़ती उम्र के साथ अकेलेपन की समस्या से निपटने की कोशिश कर रहे हैं। विकसित होती प्रौद्योगिकी के बीच हमारी बदलती जनसांख्यिकी हमें इन वर्चुअल मनुष्यों की ओर ले जा सकती है। एशिया, यूरोप और उत्तर अमेरिका में कई ऐसे विकसित देश हैं, जिनके समाज की औसत आयु तेजी से बढ़ रही है। इसके कारण कुशल कार्यबल में कमी आने और स्वास्थ्य एवं सामाजिक सेवाओं पर अप्रत्याशित दबाव पड़ने की समस्या पैदा हो सकती है, जिनके समाधान की आश्यकता है। बुजुर्ग होती आबादी की सबसे बड़ी समस्याओं में से एक समस्या सामाजिक स्तर पर अलग-थलग हो जाना है।

अपने विचार

**हरिभूमि कार्यालय**

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

## पीएम मोदी ने 'राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020' को सराहा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पिछले दशक में भारत के शिक्षा क्षेत्र में हुए ऐतिहासिक परिवर्तन पर प्रकाश डालते हुए राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 की सराहना की है।



पीएम मोदी ने इसे भारत का बौद्धिक पुनर्जागरण बताया, जिसने शिक्षा और नवाचार के माध्यम से विश्व स्तर पर प्रतिस्पर्धी और आत्मनिर्भर राष्ट्र का मार्ग प्रशस्त किया है। केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान द्वारा सोशल मीडिया हैंडल एक्स पर की गई पोस्ट पर पीएम मोदी ने कहा कि केंद्रीय शिक्षा मंत्री ने बताया कि पिछले दशक में भारत के शिक्षा क्षेत्र में किस तरह ऐतिहासिक परिवर्तन हुआ है। एनईपी 2020 एक सुधार से कहीं अधिक है।

# विश्व स्तर पर प्रतिस्पर्धी और भारत का बौद्धिक पुनर्जागरण बताया

## पिछले दशक में भारत के शिक्षा क्षेत्र में ऐतिहासिक परिवर्तन पर प्रकाश डालते यह बात कही

### कलंकपूर्ण अतीत पर अब लग गया विराम : प्रधान

प्रधान ने कहा कि यह तर्क सत्य से बहुत दूर है कि पिछले दशक में शिक्षा प्रणाली अपनी दिशा से भटक गई है। भ्रष्टाचार और शासन की कमी देश के शैक्षिक अतीत की परिभाषित विशेषताएं थीं। एनईपी 2020 इस कलंकपूर्ण अतीत से एक निर्णायक विराम का प्रतिनिधित्व करता है।



### औपनिवेशिक छाया और वैचारिक कैद से मुक्ति मिली

केंद्रीय शिक्षा मंत्री ने लेख में लिखा कि पक्षपातपूर्ण हितों की पूर्ति के लिए ऐतिहासिक आख्यानों को सावधानीपूर्वक तैयार किया गया। भारत की विविध सांस्कृतिक और बौद्धिक परंपराओं को व्यवस्थित रूप से हाशिए पर रखा गया। इन सभी ने एक ऐसी शिक्षा प्रणाली बनाने में योगदान दिया जो भारत के गौरवशाली अतीत से कटी रही और सभ्यतागत लोकाचार रहित रही।प्रधान ने कहा कि आने वाला दशक एक शैक्षिक पुनर्जागरण का गवाह बनेगा जो भारत के अतीत का सम्मान करते हुए भविष्य को निडरता से गले लगाएगा। भारत की शिक्षा प्रणाली अंततः औपनिवेशिक छाया और वैचारिक कैद से मुक्त हो गई है।

### पाठ्यपुस्तकों में क्रांतिकारियों के योगदान को कम करके दिखाया

प्रधान ने कहा कि विश्वविद्यालय अनुदान आयोग और अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद जैसी संस्थाएं उत्कृष्टता को बढ़ावा देने के बजाय नियंत्रण के साधन बन गई हैं तथा विश्वविद्यालयों में नेतृत्व के लिए नियुक्तियां राजनीतिक निष्ठा पर आधारित हैं। उन्होंने कहा कि पाठ्यपुस्तकों में जान-बूझकर शहीद भगत सिंह, चंद्रशेखर आजाद, वीर सावरकर और अन्य क्रांतिकारियों के योगदान को कम करके दिखाया गया है, जबकि विदेशी आक्रमणों के बारे में असहज ऐतिहासिक सच्चाइयों को दर्शाया गया है।

## केंद्रीय शिक्षा मंत्री प्रधान का सोनिया को जवाब

### एनईपी 2020 जनता की, जनता द्वारा और जनता के भविष्य के लिए नीति

केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने कांग्रेस नेता सोनिया गांधी पर निशाना साधते हुए कहा कि भ्रष्टाचार और शासन की कमी देश के शैक्षिक अतीत की परिभाषित विशेषताएं थीं और एनईपी 2020 इस अपमानजनक अतीत से एक निर्णायक विराम का प्रतिनिधित्व करती है। इसका बचाव करते हुए प्रधान ने कहा कि यह इस कलंकित अतीत से एक निर्णायक विराम का प्रतिनिधित्व करती है और भारत के नीति इतिहास में सबसे व्यापक लोकतांत्रिक परामर्श का परिणाम है। उन्होंने कहा कि पहुंच, समानता, गुणवत्ता, सामर्थ्य और जवाबदेही के पांच स्तंभों पर आधारित, एनईपी 2020 लोगों की, लोगों द्वारा और लोगों के भविष्य के लिए एक नीति है।

**सोनिया ने गलत एजेंडा बताया था**



सोनिया गांधी ने हाल ही में मोदी सरकार पर एक ऐसे एजेंडे पर चलने का आरोप लगाया, जो शिक्षा के क्षेत्र में नुकसानदेह नतीजों की ओर ले जा रहा है। सोनिया ने कहा कि आज भारतीय शिक्षा को तीन सी का सामना करना पड़ रहा है- केंद्रीकरण, व्यावसायीकरण और सांप्रदायीकरण।

## खबर संक्षेप

### पाथर प्रतिमा विस्फोट का मुख्य आरोपी गिरफ्तार

**कोलकाता।** वेस्ट बंगाल के दक्षिण 24 परगना जिले से एक बड़ी खबर सामने आई है। यहां पाथर प्रतिमा में



हुए विस्फोट के मुख्य आरोपी को पुलिस ने बुधवार को अरेस्ट कर लिया है। इस विस्फोट में आठ लोग मारे गए थे। मुख्य आरोपी चंद्रकांत बानिक पटाखा निर्माण इकाई का मालिक है। इस सिलसिले में यह पहली गिरफ्तारी है।

### आंध्र प्रदेश में 'बर्ड फ्लू' से बच्ची की मौत

**नारासाराओपेटा।** आंध्र प्रदेश में पिछले माह 2साल की बच्ची की 'बर्ड फ्लू' से मौत हो गई। बच्ची की



मृत्यु 15 मार्च को हुई थी और बाद में पुणे स्थित राष्ट्रीय विषाणु विज्ञान संस्थान ने उसके नमूने की जांच में 'बर्ड फ्लू' संक्रमण की पुष्टि की। एम्स-मंगलागिरी में लड़की की बर्ड फ्लू से मौत हो गई। पूरे परिवार में बच्चे को ही बर्ड फ्लू हुआ है।

### बस-कार की टक्कर में पांच की मौत

**बुलढाणा।** महाराष्ट्र के बुलढाणा जिले में बस और एसयूवी की टक्कर में 5 लोगों की मौत हो गई। खामगाव-




शेगाव राजमार्ग पर महाराष्ट्र राजकीय परिवहन निगम की बस एक एसयूवी से टकरा गई। इसके तुरंत बाद एक निजी बस ने दोनों वाहनों को टक्कर मार दी। बस का आगे का हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया है। चालक को निकालने को मशक्कत करनी पड़ी।

### लालू यादव पटना से दिल्ली रिफर, भर्ती

**पटना।** आरजेडी सुप्रीमो लालू यादव को अचानक पटना के पारस



अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बुधवार सुबह से ही लालू यादव की तबीयत खराब थी। इसके बाद यादव को आनन-फानन में पटना के पारस हॉस्पिटल में ले जाया गया है। जहां से उन्हे दिल्ली रिफर किया गया।

## वक्फ बिल पर चर्चा के दौरान विपक्ष पर भड़के अनुराग, पहले का 'काला इतिहास' ही खोल दिया

### इस के अंतिम संस्कार का समय आ गया

# यहां मुगलिया फरमान नहीं चलेगा, बाबा साहेब का संविधान चलेगा, ये हिंदुस्तान है, पाकिस्तान या तालिबान नहीं

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

वक्फ बिल को लेकर संसद में सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच जोरदार बहस देखने को मिली। जहां सत्तापक्ष इसे गरीबों और मुस्लिम समुदाय के हित में बता रहा है, वहीं विपक्ष ने इसे जनता का ध्यान मूल मुद्दों से भटकाने और सत्ताधारी दल के फायदे का हथियार करार दिया है। चर्चा में शामिल होते हुए भाजपा सांसद अनुराग ठाकुर ने कहा कि वक्फ को बदलने के वक्त आ गया है, क्योंकि ये अत्याचार और भ्रष्टाचार का अड्डा बन गया है। भारत को वक्फ के खौफ से आजादी चाहिए। उन्होंने कहा कि जहां कह दिया जाता था कि यह वक्फ की जमीन है, वह जमीन वक्फ की हो जाती थी। लोगों की जमीन पर कब्जा कर लिया जाता था। इसका मतलब ये होता था कि खाता न बही, जो वक्फ बोर्ड कहे वही सही। ये विधेयक नहीं एक उम्मीद है। ठाकुर ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि कांग्रेस एक बार फिर से भ्रम फैलाने की कोशिश कर रही है। यह साफ संदेश है कि मोदी राज में देश का कानून ही चलेगा। यह हिंदुस्तान है, पाकिस्तान या तालिबान नहीं। यहां मुगलिया फरमान नहीं चलेगा, बाबा साहेब का संविधान चलेगा।

> ठाकुर ने कहा कि वक्फ को बदलने के वक्त आ गया है, क्योंकि ये अत्याचार और भ्रष्टाचार का अड्डा बन गया है। भारत को वक्फ के खौफ से आजादी चाहिए। पहले कह दिया जाता था यह वक्फ की जमीन है।

### वक्फ को बदलने का वक्त आ गया, क्योंकि ये अत्याचार-भ्रष्टाचार का अड्डा बन गया

**मात्र 200 लोगों के हाथ में वक्फ की संपत्ति**

भाजपा सांसद ठाकुर ने कहा कि कांग्रेस पार्टी मुस्लिम और महिला विरोधी है। मात्र 200 लोगों के हाथ में वक्फ की संपत्ति है। कांग्रेस के समय बना वक्फ कानून



### ये बिल भ्रष्टाचार के खिलाफ

ठाकुर ने कहा कि यह कानून हिंदू बनाम मुस्लिम नहीं है। यह भ्रष्टाचार के खिलाफ है। उन्होंने कहा कि यह बिल कांग्रेस पार्टी के ताबूत में आखिरी कील का काम करेगा।उन्होंने कहा कि वक्फ बोर्ड का मकसद मुस्लिम समुदाय के कल्याण के लिए संपदा का प्रबंधन करना था, लेकिन कांग्रेस और उनके सहयोगी दलों ने अपारदर्शी और गैरजिम्मेदाराना तरीके से राजनीतिक संरक्षण देते हुए एक ऐसा सम्राज्य बनाया, जहां पर इसको अपने वोट बैंक का एटीएम बना दिया। देश ने 1947 में एक विभाजन देखा है, आज फिर से हम जमीन जेहाद के नाम पर विभाजन नहीं होने देंगे।

### कर्नाटक सरकार पर करोड़ों कमाने का दावा किया, लालू ने भी आरोप लगाया था

ठाकुर ने कांग्रेस की कर्नाटक सरकार पर गंभीर आरोप लगाए। दावा किया कि कांग्रेस सरकार वक्फ अधिनियमों के जरिए हर साल 440 करोड़ रुपए कमा रही है। उन्होंने कांग्रेस पर हमला बोलते हुए कहा, क्या आपने किसी मस्जिद या मदरसे का पैसा लिया? आपको इसका जवाब देना चाहिए. ठाकुर ने कहा कि वक्फ के नाम पर कई लोगों की जमीन छीनी गई है। लालू यादव ने भी आरोप लगाया था कि पटना के डाकबंगले की जमीन वक्फ बोर्ड ने हड़प ली थी।

**अखिलेश ने कहा**

### वक्फ बिल को नाकामी पर पर्दा बताया



सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष और सांसद अखिलेश यादव ने कहा कि वक्फ बिल नाकामी पर पर्दा है। भाजपा सरकार हर मोर्चे पर नाकाम। रातोंरात नोटबंदी का फैसला लिया। नोटबंदी की नाकामी पर भी चर्चा जरूरी है। यादव ने कहा कि महंगाई, बेरोजगारी और किसान की आय दोगुनी नहीं कर पाए, उस पर भी चर्चा होनी चाहिए। बिल मुसलमानों के खिलाफ है।

**भाजपा के रविशंकर बोले**

### वक्फ बोर्डों में पिछड़े मुसलमानों को प्रतिनिधित्व नहीं



लोकसभा में वक्फ विधेयक पर चर्चा के दौरान भाजपा सांसद रविशंकर प्रसाद ने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि विपक्ष संविधान उल्लंघन का आरोप लगा रहा है, लेकिन अगर आप कानून के किसी हिस्से का उल्लेख करते हैं तो पूरे तथ्य का उल्लेख करें। रविशंकर प्रसाद ने कहा कि ये विधेयक संविधान के अनुरूप है। उन्होंने ये भी कहा कि वक्फ बोर्डों में पिछड़े वर्ग के मुसलमानों को प्रतिनिधित्व नहीं दिया जाता। यह खुद अपने आप में संविधान में मिले अधिकारों का उल्लंघन है।

**ललन ने दिखाया आईना**

### आपने जो पाप किया था पीएम पारदर्शिता ला रहे



जेडीयू सांसद और केंद्रीय मंत्री ललन सिंह ने संसद में विधेयक का समर्थन किया है। सिंह ने कहा कि माहौल बनाया जा रहा कि वक्फ संशोधन विधेयक मुस्लिम विरोधी है। गलत जानकारी दे रहे। यह मुसलमान विरोधी है, कहीं से ये मुसलमान विरोधी नहीं है। सिंह ने कहा कि मोदीजी को लोग कोस रहे हैं, उनका चेहरा पसंद नहीं आ रहा है तो मत देखिए उनकी तरफ। 2013 में आपने जो पाप किया था, उसे समाप्त करके पारदर्शिता लाने का काम किया है।

**अखिलेश की टिप्पणी पर शाह का कसा तंज**

### आप 20-25 साल अध्यक्ष रहेंगे



अखिलेश यादव ने भाजपा पर तंज कसते हुए कहा कि अभी तक ये पार्टी अभी तक अपने अध्यक्ष का चुनाव नहीं कर सकी है। इस पर गृह मंत्री अमित शाह ने चुटकी लेते हुए कहा कि भाजपा के 10-12 करोड़ पंजीकृत सदस्य हैं, इसलिए राष्ट्रीय अध्यक्ष के लोकतांत्रिक तरीके से चुनाव में थोड़ा समय लग रहा है, लेकिन मैं ये बात गारंटी से कह सकता हूं कि आपकी पार्टी में अध्यक्ष के चुनाव में बिल्कुल भी समय नहीं लगेगा। आप 20-25 साल अध्यक्ष रहेंगे। अमित शाह की टिप्पणी पर अखिलेश यादव भी मुस्कुराते हुए नजर आए।

**यूपीए के समय इन्हें देश का अंतिम टापू समझा जाता था: सिंधिया**

### पूर्वोत्तर के राज्यों को एनडीए ने बनाया भारत का पहला अंग: सिंधिया



(हरिभूमि ब्यूरो)। लोकसभा में प्रश्नकाल में केंद्रीय पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने एक प्रश्न के जवाब में पूर्व की कांग्रेसनीत यूपीए सरकार पर तंज कसते हुए कहा कि ये लोग इस महत्वपूर्ण क्षेत्र को देश के अंतिम टापू के रूप में देखते थे। लेकिन आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार ने पूर्वोत्तर क्षेत्र को भारत का पहला अंग बनाने का काम किया है। क्षेत्र के 8 राज्यों में जीडीपी ग्रोथ 12 फीसदी है। जिससे उत्तर पूर्व के राज्य भारत को आगे ले जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि वर्ष 2004 से 2014 तक केंद्र के 54 मंत्रालयों द्वारा क्षेत्र को दिए जाने वाले बजट की धनराशि 27 हजार करोड़ थी,जो कि वर्तमान सरकार में साढ़े तीन गुना तक बढ़कर 91 हजार करोड़ तक पहुंच गई है। इसे पार करते हुए पिछले बजट में केंद्र ने इलाके में 1 लाख 2 हजार करोड़ का खर्च किया है।

**जम्मू-कश्मीर वक्फ बोर्ड की चीफ का बड़ा दावा**

### यह किसी भी तरह मुसलमानों के खिलाफ नहीं



भाजपा नेता और जम्मू-कश्मीर वक्फ बोर्ड की अध्यक्ष दरख्शां अंद्राबी ने कहा कि विधेयक मुसलमानों के कल्याण के लिए पेश किया जा रहा है। ये मुसलमानों के खिलाफ नहीं है। जम्मू-कश्मीर वक्फ बोर्ड की अध्यक्ष डॉ. दरख्शां अंद्राबी ने कहा कि ऐसा नहीं लगा रहा कि संसद में पेश किया गया विधेयक मुसलमानों के खिलाफ है।

# तेजी से कुलांचे भर रहा है छत्तीसगढ़ फिस्कल हेल्थ इंडेक्स 2025 जारी

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

नीति आयोग द्वारा जारी 'फिस्कल हेल्थ इंडेक्स 2025' में छत्तीसगढ़ देश में दूसरे स्थान पर रहा है। यह रिपोर्ट राज्यों




की आर्थिक स्थिति, कर्ज, खर्च और कमाई के आधार पर बनाई जाती है। इस सूची में ओडिशा पहले स्थान पर और गोवा तीसरे स्थान पर है। छग को ऊंचा स्थान मिलने के पीछे 3 मुख्य कारण हैं। सबसे पहले, छग को कोयला खदानों से बढ़ी आय का फायदा हुआ है। राज्य में कोयला ब्लॉकों की नीलामी से भारी राजस्व आता है, जिससे उसकी आर्थिक स्थिति मजबूत बनी रहती है। इसके अलावा, राज्य ने संतुलित खर्च करने और कम कर्ज लेने की नीति अपनाई है, जिसके चलते विकास कार्यों में तेजी आई है और वित्तीय स्थिति अन्य राज्यों की तुलना में बेहतर रही है। अंत में, सरकार की सही नीतियों ने भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। विकास कार्यों में पारदर्शिता बनाए रखने और भ्रष्टाचार पर सख्ती से रोक लगाने की वजह से छत्तीसगढ़ की आर्थिक नीतियां कुलांचे भर रही हैं।

विशेषज्ञों का मानना है कि राज्य सरकार ने बिना ज्यादा कर्ज लिए पारदर्शी तरीके से नीलामी कर राजस्व बढ़ाया है, जिससे नए स्कूल, अस्पताल, सड़क, बिजली जैसी बुनियादी सुविधाओं में सुधार हुआ है। इस अतिरिक्त आय से नए उद्योगों को बढ़ावा मिलने के साथ लोगों के लिए रोजगार के अवसर भी पैदा हो रहे हैं। इस प्रकार, छग में विकास कार्य तेजी से आगे बढ़ रहे हैं और आम जनता का जीवन स्तर भी सुधर रहा है। ओडिशा ने भी अपनी मजबूत आर्थिक नीति के चलते वित्तीय मजबूती में सबसे आगे रहते हुए 67.8 अंकों के साथ शीर्ष स्थान हासिल किया है।

## दंगे में 3 ब्रिटिश नागरिकों की हत्या, सभी बरी

**अहमदाबाद।** गुजरात हाईकोर्ट ने 2002 के गुजरात दंगों के दौरान तीन ब्रिटिश नागरिकों और उनके



भारतीय चालक की हत्या के आरोपी 6 लोगों को 2015 में बरी किए जाने के फैसले को बरकरार रखा है। न्यायमूर्ति एवाई कोगजे और समीर जे दवे ने अभियोजन पक्ष के साक्ष्य को दोषसिद्धि के लिए अपर्याप्त पाया, तथा सत्र न्यायालय द्वारा जारी फैसले को बरकरार रखा।

## 'शिशु वाटिका' पहल का शुभारंभ



**माझी ने मध्याह्न भोजन परोसा**

**भुवनेश्वर।** ओडिशा के मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी ने भुवनेश्वर के एक सरकारी स्कूल में नई शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 के तहत राज्य के सभी स्कूलों में 5-6 वर्ष आयु वर्ग के बच्चों को प्री-स्कूल शिक्षा का विस्तार करने के लिए 'शिशु वाटिका' पहल के शुभारंभ के दौरान छात्रों को मध्याह्न भोजन परोसा।

## केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री गडकरी ने कहा

# 2029 तक एनएच किनारे 700 'वे-साइड एमेनिटीज' बनेंगी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने बुधवार को बताया कि राष्ट्रीय राजमार्गों के किनारे 700 से अधिक वे-साइड एमेनिटीज (डब्ल्यूएसए) का निर्माण 2028-2029 तक पूरा होने की संभावना है। वे-साइड एमेनिटीज में फ्यूल स्टेशन, इलेक्ट्रिक वाहन चार्जिंग स्टेशन, शौचालय, पेयजल, पार्किंग, ढाबा/रेस्तरां/भोजनालय आदि जैसी सुविधाएं शामिल हैं। गडकरी ने राज्यसभा में कहा कि अब तक राष्ट्रीय राजमार्गों/एक्सप्रेसवे के किनारे 501 वे-साइड एमेनिटीज का निर्माण कार्य पूरा हो चुका है। केंद्रीय मंत्री ने बताया कि इनमें से 94 वे-साइड एमेनिटीज चालू हो चुके हैं।

### राष्ट्रीय राजमार्गों/एक्सप्रेसवे के किनारे 501 वे-साइड एमेनिटीज का काम पूरा



**94 वे-साइड एमेनिटीज चालू**

### डिजिटल फीडबैक सिस्टम को इंस्टॉल किया

नेशनल हाइवेज लॉजिस्टिक्स मैनेजमेंट लिमिटेड के जरिए सरकार लगभग 40-60 किमी के अंतराल पर वे-साइड एमेनिटीज का निर्माण करने की योजना बना रही है। बेहतर निगरानी के उद्देश्य से वे-साइड एमेनिटीज में एक डिजिटल फीडबैक सिस्टम को इंस्टॉल किया गया है।

**छोटी दुकानों और स्टॉल के लिए क्षेत्र आवंटित किए :** वे-साइड एमेनिटीज का संचालन निजी बोली के माध्यम से चुने गए ऑपरेटरों द्वारा किया जाता है। रोजगार के अवसर पैदा करने और स्थानीय कारीगरों को बढ़ावा देने के लिए, डेडिकेटेड कवर्ड जोन में अनिवार्य सुविधाओं के हिस्से के रूप में छोटी दुकानों और स्टॉल के लिए क्षेत्र आवंटित किए गए हैं।

**राजस्थान को दिया बड़ा तोहफा**

### बनेंगे 21 नेशनल हाईवे खर्च होंगे 5000 करोड़

राजस्थान की उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने बताया है कि प्रदेश में 21 नेशनल हाईवे परियोजनाओं के लिए केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय द्वारा लगभग 5,000करोड़ की लागत की नई परियोजनाओं को स्वीकृति दी गई है। सड़कों के लिए 17,384 करोड़ का प्रावधान किया गया है। परियोजना के तहत नागौर नेत्रा सड़क के4 लेन का कार्य, रायपुर जस्साखेड़ा, गंगापुर सिटी बाइपास, करौली बाइपास सहित विभिन्न सड़कों का निर्माण सार्वजनिक निर्माण विभाग से कराया जाएगा।

## 5 अप्रैल को रोहतक में बैठक में सभी की लगेगी ड्यूटी

# हरियाणा के लोग दिल खोलकर करेंगे प्रधानमंत्री का स्वागत: सीएम नायब

## मंडियों में फसलों की आवक को लेकर सभी तैयारियां पूरी

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी बुधवार को समालखा स्थित सेवा साधना केंद्र में भाजपा की प्रदेश स्तरीय कार्यशाला में पहुंचे। उन्होंने पत्रकारों के साथ बातचीत करते हुए कहा कि 14 अप्रैल को बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती के पर पीएम नरेंद्र मोदी हरियाणा को दो बड़ी सौगातें देंगे जिसमें हिसार स्थित एयरपोर्ट का उद्घाटन होगा और यमुनानगर में 800 मेगावाट



बिजली की यूनिट का शिलान्यास करेंगे। सैनी ने कहा कि प्रदेश के लोग प्रधानमंत्री का दिल खोलकर स्वागत करेंगे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के दौरे को लेकर कार्यक्रम की तैयारी और व्यवस्थाओं को लेकर व्यापक प्रबंध किए जा रहे हैं। 5 तारीख को रोहतक सभी मंत्रियों, भाजपा विधायकों और जिला अध्यक्षों के साथ बैठक आयोजित कर पदाधिकारियों की ड्यूटी लगाई जाएगी। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार वक्फ बिल पेश करने जा रही है जिसके लागू होने से वक्फ बोर्ड को लेकर कोई भी डिस्प्यूट नहीं रहेगा।उन्होंने कहा कि पीएम ने विश्व स्तर पर भारत की पहचान को मजबूत किया है। विकसित भारत के मिशन में लगे हैं।

# क्रेडिट कार्ड के इस्तेमाल से बच रहे लोग, 8 माह के दौरान सबसे कम फरवरी में खर्च

## फरवरी के महीने में क्रेडिट कार्ड से सिर्फ 1.67 लाख करोड़ रुपए खर्च

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

दैनिक रोजमर्रा के खर्च में बिल भरने से लेकर शॉपिंग तक क्रेडिट कार्ड आज जीवन का एक अहम हिस्सा बन चुका है। लगातार बढ़ते डिजिटल ट्रांजेक्शन में यूपीई पेमेंट के साथ ही क्रेडिट कार्ड की भी बहुत अहम भूमिका रही। लेकिन क्रेडिट कार्ड से खर्च में कमी आ रही है।

जी हां, पिछले आठ महीने के दौरान सबसे कम क्रेडिट कार्ड से खर्च लोगों ने फरवरी के महीने में किया है। रिजर्व बैंक के मुताबिक, फरवरी के महीने में क्रेडिट कार्ड से सिर्फ 1.67 लाख करोड़ रुपए ही खर्च किए गए हैं। हालांकि, क्रेडिट कार्ड से कम खर्च का ये आंकड़ा उस महीने का है जब अधिकतर स्टूडेंट्स अपने बोर्ड एग्जाम को लेकर व्यस्त थे, जबकि नए क्रेडिट कार्ड जारी करने की संख्या आधी हो गई है। एक रिपोर्ट के अनुसार जनवरी में 8.2 लाख क्रेडिट कार्ड जारी किए गए थे, जो फरवरी में 4.4 लाख हो गए। इसके अलावा, शेयर बाजार में पिछले दो महीने में गिरावट की इसकी एक मुख्य वजह रही। उससे पहले लोगों ने क्रेडिट कार्ड का इस्तेमाल उस वक्त किया जब उनके शेयर में निवेश ने शानदार परफॉर्म किया।

### एसबीआई, एचडीएफसी से कुछ ही कस्टमर जुड़े

क्रेडिट कार्ड जारी करने वाले बड़े बैंक जैसे-एसबीआई, एचडीएफसी और आईसीआईसीआई से कुछ ही नए कस्टमर जनवरी के फरवरी के महीने में जुड़े हालांकि, कुल कार्ड की संख्या जिसका इस्तेमाल हुआ वो जनवरी के 10.88 करोड़ के मुकाबले थोड़ा बढ़कर फरवरी में 10.93 करोड़ हो गए।



### लोगों की आदतें बदलने लगी है

उपभोक्ताओं की खर्च की आदतें भी बदलने लगी हैं। अब लोग स्टोर्स पर काड्र्स से भी भुगतान कम कर रहे हैं, जो जनवरी में 69,429 करोड़ से घटकर फरवरी में 62,124 करोड़ हो गया। जबकि, ऑनलाइन भुगतान में भी कमी देखी जा रही है, जो जनवरी में 1.15 लाख करोड़ से घटकर फवरी में 1.05 लाख करोड़ हो गया। एक्सपट्र्स का कहना है कि ये इंडस्ट्री लगातार आगे बढ़ेगी लेकिन धीमी रफ्तार से, क्योंकि कड़े उधार लेन-देन पॉलिसी, उपभोक्ता के बढ़ते ऋण और आर्थिक अनिश्चितताओं की वजह से।

## माथुर बने सीमेस एनबी इंडिया के चेयरमैन

नई दिल्ली। मीमेस लि. से अलग हुई ऊर्जा प्रौद्योगिकी कंपनी सीमेंस एनर्जी इंडिया लि. ने निदेशक मंडन का गठन किया है। कंपनी ने सीमेंस लि. के प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) सुनील माधुर को नवगठित निदेशक मंडल का चेयरमैन नियुक्त किया है। कंपनी के जारी बयान के अनुसार निदेशक मंडल की 25 मार्च, 2025 को हुई बैठक में नियुक्ति की मंजूरी दी गई। सभी जरूरी मंजूरी के बाद सीमेंस लि. से सीमेंस एनजी इंडिया लि. का अलग होना 25 मार्च, 2025 में प्रभाव में आ गया।


**उत्तर रेलवे**

**निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मुख्य कार्यशाला प्रबंधक कार्यालय, रेल कोच नवीनीकरण कारखाना सोनीपत, उत्तर रेलवे, निम्नलिखित कार्य के लिए ई–निविदा करते हैं।

| | |
|---|---|
| निविदा संख्या | 6-SEFile-260438RTTender |
| कार्य का नाम और कार्य स्थान | "कार्य के दायरे के अनुसार 100 एलएचबी ईओजी एसी कोचों में उच्च क्षमता वाले कपलर और फीडर केबल का प्रावधान" |
| अनुमानित लागत | रुपये 34624151.67/– जीएसटी @ 18% सहित |
| बयाना राशि | रुपये 323100/– |
| निविदा फार्म का मूल्य | शून्य |
| कार्य अवधि | अवधि कार्य आरंभ होने से बारह महीने |
| निविदा प्रपत्र जमा करने की तिथि व समय | दिनांक 24.04.2025 समय 15:00 बजे |
| निविदा प्रपत्र डाउनलोड करने के लिए इंटरनेट साइट | उपरोक्त निविदा IREPS साईट पर उपलब्ध है जो कि है www.ireps.gov.in |

यदि हिन्दी व इंग्लिश के नोटिस में कोई विरोधाभास है, तो इंग्लिश का नोटिस ही मान्य होगा।

No. 6-SEFile-260438RTTender Date : 02.04.2025 1003/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


## पाटलिपुत्र व झंझारपुर के मध्य चलाई जा रही 05573/74 स्पेशल का परिचालन विस्तार लौकहा बाजार तक

हाजीपुर। यात्रियों की सुविधा के मद्देनजर पाटलिपुत्र और झंझारपुर के मध्य चलायी जा रही 05573/05574 स्पेशल का परिचालन विस्तार तत्काल प्रभाव से लौकहा बाजार तक किया जा रहा है। गाड़ी सं. 05573 लौकहा बाजार–झंझारपुर–पाटलिपुत्र स्पेशल 31.07.2025 तक प्रतिदिन लौकहा बाजार से 01.30 बजे खुलकर 01.45 बजे खुटौना, 01.56 बजे सरदार बल्लभभाई पटेल हाल्ट, 02.02 बजे बड़हरा, 02.13 बजे वाचस्पतिनगर, 02.23 बजे चंदेश्वरस्थान, 02.33 बजे महरैल, 02.40 बजे झंझारपुर बाजार हाल्ट रूकते हुए 02.50 बजे झंझारपुर पहुंचेगी एवं झंझारपुर से 03.05 बजे खुलकर पूर्व के समय एवं ठहराव के अनुसार रूकते हुए 11.40 बजे पाटलिपुत्र पहुंचेगी। वापसी में, गाड़ी सं. 05574 पाटलिपुत्र–झंझारपुर–लौकहा बाजार स्पेशल 31.07.2025 तक प्रतिदिन पाटलिपुत्र से 12.15 बजे खुलकर पूर्व के समय एवं ठहराव के अनुसार रूकते हुए 22.25 बजे झंझारपुर पहुंचेगी तथा झंझारपुर से 22.40 बजे खुलकर 22.48 बजे झंझारपुर बाजार हाल्ट, 22.54 बजे महरैल, 23.04 बजे चंदेश्वरस्थान, 23.14 बजे वाचस्पतिनगर, 23.25 बजे बड़हरा, 23.32 बजे सरदार बल्लभभाई पटेल हाल्ट एवं 23.42 बजे खुटौना रूकते हुए 00.30 बजे लौकहा बाजार पहुंचेगी।

### विशेषज्ञों का कहना, जवाबी शुल्क से कई क्षेत्र होंगे प्रभावित

# अमेरिकी शुल्क से कृषि, मशीनरी, औषधि इलेक्ट्रिकल क्षेत्रों पर पड़ सकता है असर

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

अमेरिका के भारतीय उत्पादों पर जवाबी शुल्क लगाने से कृषि, बहुमूल्य पत्थर, रसायन, औषधि, चिकित्सकीय उपकरण, इलेक्ट्रिकल व मशीनरी सहित क्षेत्रों के सामान प्रभावित हो सकते हैं। विशेषज्ञों का कहना है कि इन क्षेत्रों में उच्च शुल्क अंतर के कारण अमेरिकी प्रशासन से अतिरिक्त सीमा शुल्क का सामना करना पड़ सकता है। 'उच्च शुल्क अंतर' किसी उत्पाद पर अमेरिका और भारत द्वारा लगाए गए आयात शुल्कों के बीच का अंतर है। व्यापक क्षेत्र स्तर पर, भारत और अमेरिका के बीच संभावित शुल्क अंतर विभिन्न क्षेत्रों में अलग-अलग है।

### उच्च शुल्क अंतर अमेरिका व भारत द्वारा लगाए गए शुल्कों के बीच का अंतर



### शुल्क अंतर जितना अधिक क्षेत्र उतना प्रभावित

रसायनों तथा औषधि पर यह अंतर 8.6 प्रतिशत; प्लास्टिक पर 5.6 प्रतिशत; वस्त्र व परिधान पर 1.4 प्रतिशत; हीरे, सोने तथा आभूषणों पर 13.3 प्रतिशत; लोहा, इस्पात व आधार धातुओं पर 2.5 प्रतिशत; मशीनरी व कंप्यूटर पर 5.3 प्रतिशत; इलेक्ट्रॉनिक पर 7.2 प्रतिशत और वाहन तथा उसके घटकों पर 23.1 प्रतिशत है। एक निर्यातक ने कहा, '' शुल्क अंतर जितना अधिक होगा, क्षेत्र उतना ही अधिक प्रभावित होगा।''

### सबसे अधिक प्रभावित मछली, मांस

आर्थिक शोध संस्थान ग्लोबल ट्रेड रिसर्च इनिशिएटिव (जीटीआरआई) के विश्लेषण के अनुसार, कृषि में सबसे अधिक प्रभावित क्षेत्र मछली, मांस व प्रसंस्कृत समुद्री भोजन होगा। इसका 2024 में निर्यात 2.58 अरब अमेरिकी डॉलर था और इसे 27.83 प्रतिशत शुल्क अंतर का सामना करना पड़ेगा।

### शुल्क से प्रतिस्पर्धा काफी कम होगी

झींगा जो अमेरिका का एक प्रमुख निर्यात है, अमेरिकी शुल्क लागू होने के कारण काफी कम प्रतिस्पर्धी हो जाएगा। कोलकाता स्थित समुद्री खाद्य निर्यातक एवं मेगा मोडा के प्रबंध निदेशक योगेश गुप्ता ने कहा, '' अमेरिका में हमारे निर्यात पर पहले से ही डंपिंग रोधी और प्रतिपूरक शुल्क लागू हैं। शुल्कों में अतिरिक्त वृद्धि से हम अप्रतिस्पर्धी हो जाएंगे।

### 40 फीसदी झींगा निर्यात भारत से

भारत के कुल झींगा निर्यात में से हम 40 प्रतिशत अमेरिका को निर्यात करते हैं।'' उन्होंने कहा कि अगर अमेरिका प्रतिस्पर्धी देशों इक्वाडोर और इंडोनेशिया पर भी इसी तरह का शुल्क लगाए तो भारतीय निर्यातकों को कुछ राहत मिल सकती है। भारत के प्रसंस्कृत खाद्य, चीनी तथा कोको निर्यात पर भी असर पड़ सकता है क्योंकि शुल्क अंतर 24.99 प्रतिशत है।

### पिछले साल निर्यात 1.03 अरब डॉलर

पिछले साल इसका निर्यात 1.03 अरब अमेरिकी डॉलर था। इसी प्रकार, अनाज, सब्जियां, फल तथा मसालों के बीच शुल्क अंतर 5.72 प्रतिशत है। जीटीआरआई के संस्थापक अजय श्रीवास्तव ने कहा कि 18.149 करोड़ अमेरिकी डॉलर मूल्य के दुग्ध उत्पादों के निर्यात पर 38.23 प्रतिशत के अंतर का ''गंभीर'' असर पड़ सकता है, जिससे घी, मक्खन और दूध पाउडर महंगे हो जाएंगे।


**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 84 BNSS देखें**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **नाम मो0 नज़ीम पुत्र** मो0 सलीम, **निवास** एन-334, सुन्दर नगरी, दिल्ली ने **FIR. No. 254/2018 U/s 279/337A IPC. थानाः आई.पी. स्टेट, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **मो0 नज़ीम** मिल नही रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **मो0 नज़ीम** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR. No. 254/2018 U/s 279/337A IPC. थानाः आई.पी. स्टेट, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **मो0 नज़ीम** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **07.05.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
प्रीती
DP/4102/CD/2025 जेएमएफसी-03 (मध्य), कमरा नं.150
(Court Matter) तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली

**अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 82 Cr.P.C. देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त नाम **रोहित वशिष्ट पुत्रः** स्व. अशोक वशिष्ट **पताः** ग्राम–पटेल नगर, तह. गन्नोर जिला सोनीपत हरियाणा भी 47, मीना अपार्टमेंट आई.पी. एक्सटेंशन पटपड़गंज दिल्ली, ने **FIR No. 492/2015 U/s 304-A IPC थानाः कृष्णा नगर, दिल्ली,** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है), और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **रोहित वशिष्ट,** मिल नहीं रहा हैं और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **रोहित वशिष्ट,** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा हैं)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 492/2015 U/s 304-A IPC थानाः कृष्णा नगर, दिल्ली,** के उक्त अभियुक्त **रोहित वशिष्ट,** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **10.05.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
श्री पी. भार्गव राव
DP/4141/SHD/2025 जेएमएफसी 05, कमरा नंबर नंबर 3,
(Court Matter) कड़कड़डूमा कोर्ट, दिल्ली



**सूचना**

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।


## उत्तर रेलवे ने दर्ज की राजस्व अर्जन में रिकॉर्ड वृद्धि

नई दिल्ली। उत्तर रेलवे ने 23,719.41 करोड़ रुपये का कुल मूल राजस्व अर्जित किया, जो पिछले वर्ष की तुलना में 13.05% अधिक है। उत्तर रेलवे ने यात्री सुविधा और प्रौद्योगिकी उन्नयन पर ध्यान केंद्रित करते हुए राजस्व सृजन के सभी क्षेत्रों में रिकॉर्ड वृद्धि हासिल करके वित वर्ष 2024-25 को अपने इतिहास के एक महत्वपूर्ण ऐतिहासिक अध्याय के रूप में दर्ज किया है। उत्तर रेलवे के महाप्रबंधक अशोक कुमार वर्मा ने बताया कि बेहतर समन्वय का प्रदर्शन करते हुए उत्तर रेलवे ने 23,719.41 करोड़ रुपये का कुल मूल राजस्व अर्जित किया, जो पिछले वर्ष की तुलना में 13.05% अधिक है। यह उपलब्धि यात्री सेवाओं, माल ढुलाई और परिचालन दक्षता में नए रिकॉर्ड स्थापित करने की दिशा में किए गए प्रभावशाली प्रदर्शन से संभव हो पायी। महाप्रबंधक ने बताया कि यात्री राजस्व से 12,850.38 करोड़ रुपये की कमाई हुई, जो पिछले वर्ष की तुलना में 6.03% अधिक है। 55.67 मिलियन टन माल की ऐतिहासिक लोडिंग के चलते, माल लदान से होने वाला राजस्व पिछले वर्ष से 16.13% बढ़कर 7,757.49 करोड़ रुपये होगया। पारंपरिक राजस्व अर्जन उपायों से अलग, उत्तर रेलवे ने गैर-किराया राजस्व के माध्यम से नए अवसरों को खोला है। वर्ष 2024-25 के दौरान उत्तर रेलवे ने पार्किंग से 64.44 करोड़ रुपये कमाए हैं।

## आईडीएफसी फर्स्ट बैंक को भारत सरकार के सेंट्रल पेंशन अकाउंटिंग ऑफिस से पेंशन वितरण की मंजूरी

नई दिल्ली। आईडीएफसी फर्स्ट बैंक को भारत सरकार के सेंट्रल पेंशन अकाउंटिंग ऑफिस (सीपीएओ) द्वारा अपनी ओर से पेंशन वितरित करने के लिए अधिकृत किया गया है। अब बैंक केंद्रीय सरकार के पेंशनभोगियों को पेंशन दे सकेगा, जिसमें अखिल भारतीय सेवा अधिकारी, पूर्व सांसद, सेवानिवृत्त उच्च न्यायालय और सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश, पूर्व राष्ट्रपति और उपराष्ट्रपति और सिविल मंत्रालयों व विभागों (रेलवे, डाक, टेलीकॉम और रक्षा को छोड़कर) के अधिकारी शामिल हैं।

**वरिष्ठ नागरिकों और पारिवारिक पेंशन की निरंतरता के लिए विशेष लाभों के साथ सहज पेंशन क्रेडिट**

पेंशनभोगी अब अपनी पेंशन सीधे आईडीएफसी फर्स्ट बैंक के सेविंग अकाउंट में प्राप्त कर सकेंगे। सीपीएओ (भारत सरकार) और आईडीएफसी फर्स्ट बैंक के बीच तकनीकी रूप से एकीकरण पूरा हो चुका है और अब बैंक पेंशन वितरण के लिए पूरी तरह तैयार है। पेंशनभोगी अपने जीवनसाथी के साथ संयुक्त रूप से आईडीएफसी फर्स्ट बैंक में सेविंग अकाउंट भी खोल सकते हैं, जिससे मुख्य पेंशनभोगी के निधन के बाद जीवनसाथी को उसी खाते में पारिवारिक पेंशन मिलती रहेगी। आईडीएफसी फर्स्ट बैंक के जिस सेविंग अकाउंट में पेंशन जमा होगी, उसमें पेंशनभोगियों को कई विशेष सुविधाएँ मिलेंगी, जो कि इस प्रकार हैं: आईडीएफसी फर्स्ट बैंक के सेविंग अकाउंट पर ज़ीरो फी बैंकिंग! अब आपको डेबिट कार्ड जारी कराने, आईएमपीएस, एनईएफटी और आरटीजीएस ट्रांजैक्शन करने, चेक बुक लेने, एटीएम से कैश निकालने, ब्रांच में कैश जमा या निकासी करने, डिमांड ड्राफ्ट और पे ऑर्डर बनवाने, एसएमएस अलर्ट पाने और इंटरनेशनल एटीएम चार्जेस जैसी 36 सेवाओं पर कोई अतिरिक्त शुल्क नहीं देना होगा।

## मलाबार ग्रुप द्वारा उत्तर क्षेत्र के सात राज्यों की 2190 छात्राओं को छात्रवृत्ति

